दैनिक **नवयत्न**

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

ताज़ा खबरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!

वर्षः 17 | अंक 33 | सीकर, मंगलवार 31 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# रिटायर्ड फौजी की चाकू घोंपकर हत्या

## गुस्साए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे किया जाम





निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** थाना क्षेत्र के गांव बामनवास में रविवार रात एक रिटायर्ड फौजी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार सुबह दिल्ली-बीकानेर नेशनल हाईवे-11 पर जाम लगा दिया।

### ऐसे हुई वारदात

पुलिस के अनुसार मृतक उदयवीर सिंह रिटायर्ड फौजी थे और बामनवास गांव में पशु आहार की दुकान चलाते थे। उनका खेत गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर स्थित है, जहां उन्होंने मकान भी बना रखा था। बताया जा रहा है कि उदयवीर अक्सर रात के समय टहलते हुए अपनी दुकान की ओर जाते थे। रविवार रात करीब साढ़े 8 बजे जब वे दुकान की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में गांव के ही अकरम से उनका सामना हो गया। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि अकरम अपने घर से चाकू लेकर आया और उदयवीर के पेट में लगातार तीन बार वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल उदयवीर वहीं गिर पड़ा। आसपास के लोग आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत चिड़ावा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उपजिला अस्पताल रैफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हत्या के बाद गांव में तनाव

हत्या की खबर फैलते ही गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने सोमवार सुबह बामनवास से करीब 3 किलोमीटर दूर लाखू के पास दिल्ली-बीकानेर नेशनल हाईवे-11 पर जाम लगा दिया। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने कई मांगें रखी, जिनमें आरोपी की जल्द गिरफ्तारी, मृतक के परिवार को 1 करोड़ रुपये मुआवजा, बेटे को सरकारी नौकरी, गोचर भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही चिड़ावा, सूरजगढ़ और पिलानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालात को देखते हुए 9 थानों की पुलिस और आरएसी का जाब्ता तैनात किया गया है। ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर अरुण गर्ग और एसपी कवेंद्र सागर को मौके पर बुलाने की मांग की गई। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए आसपास के कई थाना क्षेत्रों की पुलिस भी गांव में तैनात की गई है। घटना के बाद कई जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे, जिनमें भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष अहलावत, पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, भाजपा नेता राजेश दहिया और पूर्व प्रधान बलवान सिंह शामिल हैं।

### मृतक का परिचय

ग्रामीणों के अनुसार उदयवीर सिंह भारतीय सेना में हवलदार पद से वर्ष 2011 में रिटायर्ड हुए थे। इसके बाद वे गांव में पशु आहार का व्यवसाय कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां हैं। बेटा दिनेश दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है जबकि दोनों बेटियां जयपुर में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही हैं। ग्रामीणों ने आरोपी अकरम पर गोचर भूमि पर अवैध कब्जा कर दुकान चलाने का आरोप भी लगाया है। इसी को लेकर पहले भी विवाद की स्थिति बनी हुई थी।

फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और गांव में शांति बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने 1 लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दो यूनिफॉर्म के लिए 1-1 हजार रुपये की राशि की डीबीटी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में 1 लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दो यूनिफार्म के लिए 1-1 हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए। इस दौरान श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को भी चैक सौंपे। श्री शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्तानौनिहालों का पूरा ध्यान रखती हैं और वे इस भावी पीढ़ी की नींव को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्ष में आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण के लिए कई निर्णय लिए हैं। हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिड डे मील कुक कम हेल्पर सहित समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृत आहार योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को सप्ताह में 5 दिन गर्म दूध दिया जा रहा है तथाआंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण-मरम्मत का कार्य भी करवाया जा रहा है।



## जो हथियार उठाएगा, उसे कीमत चुकानी होगी : अमित शाह

नई दिल्ली।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि भारत नक्सल-मुक्त हो गया है, ऐसा हम कह सकते हैं। अपनी डेढ़ घंटे स्पीच के दौरान शाह ने कहा- हमने 31 मार्च तक देश को नक्सल-मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा था। मैं पूरी व्यवस्था होने के बाद देश को भी सूचित करूंगा।

शाह ने कहा- जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। सालों से भोले-भाले आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आदिवासियों को बहकाया।

शाह ने कहा- कांग्रेस ने 60 साल के दौरान आदिवासियों तक घर, स्कूल, मोबाइल टॉवर नहीं पहुंचने दिया और अब हिसाब मांग रहे हैं। अपने गिरेबान में झांककर देखिए। आदिवासी इलाकों में गरीबी के कारण नक्सलवाद नहीं फैला बल्कि नक्सलवाद के कारण सालों तक गरीबी रही। नक्सलवाद की जड़ें वैचारिक हैं। यह गरीबी और विकास से जुड़ी नहीं हैं।

संसद में आज नक्सलवाद पर



चर्चा सरकार की तरफ से दी गई डेडलाइन खत्म होने से एक दिन पहले हुई। शाह कई बार 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा कर चुके हैं।

### बस्तर से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म

बस्तर से नक्सलवाद लगभग पूरी तरह खत्म हो चुका है। हर एक गांव में स्कूल खोलने के लिए अभियान चलाया गया। हर गांव में राशन की दुकान, हर तहसील और पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। लोगों को

## बीडीके में स्वास्थ्य सेवाओं का ऑडिट, मातृ-शिशु देखभाल पर फोकस

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के सबसे बड़े राजकीय भगवानदास खेतान (बीडीके) अस्पताल में एसएनसीयू मेंटरिंग विजिट एवं आरसीएच समन्वय समिति की बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मेंटरिंग विजिट के तहत एसके अस्पताल सीकर के सहायक आचार्य डॉ विवेक अठवानी एवं वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी अजय शेखावत ने ओपीडी, आईपीडी, एसएनसीयू और ऑपरेशन कक्ष की एसओपी, उपकरणों की स्थिति, भर्ती मरीजों व रेफरल संख्या सहित विभिन्न बिंदुओं की जांच की। अस्पताल में 12 शिशु रोग विशेषज्ञ, 8 रेजीडेंट चिकित्सक और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की सतत मॉनिटरिंग से गंभीर मरीजों के उपचार में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। टीम ने नवजात शिशु इकाई के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। आरसीएच समन्वय समिति की बैठक में पीएमओ डॉ जितेंद्र भाम्बू, आरसीएचओ डॉ डीएन सिंह, आरएमओ डॉ सिद्धार्थ शर्मा



व डॉ विजय झाझड़िया ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में एएनसी/पीएनसी के दौरान एनीमिया से ग्रसित महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही लाडो योजना और जेएसवाई के शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने तथा एएनसी का आधार केवाईसी कराने पर जोर दिया गया। पीएमओ डॉ भाम्बू ने बताया कि अस्पताल में जटिल प्रसव मामलों की संख्या बढ़ी है जबकि मातृ मृत्यु दर शून्य रही है। वहीं शिशु मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है, जो बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का संकेत है। बीडीके अस्पताल में रैफर होकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है जबकि यहां से उच्च संस्थानों को रैफरल नगण्य रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार अब प्रत्येक नवजात शिशु की जांच शिशु रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ और ईएनटी विशेषज्ञ द्वारा की जाएगी तथा इसका रिकॉर्ड भी संधारित किया जाएगा। इसमें जन्मजात विकृतियों सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच शामिल रहेगी। बैठक के दौरान डॉ सिद्धार्थ शर्मा, डॉ विजय झाझड़िया, डॉ वीडी बाजिया, डॉ राजेश कुमार डूडी, डॉ सुरेश मील, डॉ नेमीचंद कुमावत, डॉ नयन झाझड़िया, डॉ प्रियंका शेखसरिया, डॉ मनीषा चौधरी, डॉ आकांक्षा गौड़ सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# ओटीपी के बाद भी पासबुक क्यों...? गैस व्यवस्था में खुली मनमानी

## ऑनलाइन भुगतान के बावजूद वसूली के आरोप, लंबी कतारों में जूझते उपभोक्ता

इशाक भाटी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक ओर उपभोक्ता ओटीपी देकर डिलिवरी प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनसे पासबुक दिखाने की अनिवार्यता थोप दी गई है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब ओटीपी के जरिए उपभोक्ता की पहचान और डिलिवरी की पुष्टि हो रही हैए तो फिर पासबुक की बाध्यता क्यों लंबे समय तक बिना पासबुक के सिलेंडर दिए जाने के बाद अब अचानक इसे अनिवार्य कर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं को अपनी पुरानी पासबुक ढूंढनी पड़ रही है। जिनके पास पासबुक नहीं है या समय पर नहीं मिल पा रहीए उन्हें सिलेंडर देने से मना किया जा रहा है। आरोप है कि इसी बहाने डिलिवरी बॉय उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहे हैंए जिससे कई जगह विवाद की स्थिति बन रही है। इतना ही नहीं, ऑनलाइन



बुकिंग और भुगतान के बावजूद अतिरिक्त पैसे मांगने के आरोप भी लगातार सामने आ रहे हैं। पासबुक नहीं होने या ढूंढने के नाम पर अवैध वसूली के मामले भी चर्चा में हैं। साथ ही, डिलिवरी के दौरान अभद्र व्यवहार की शिकायतों में भी इजाफा हुआ है, जिससे आमजन में रोष बढ़ता जा रहा है। जमीनी हालात यह हैं कि शहर में जगह-जगह गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारें लगी हुई हैं। रेहड़ी, ऑटो रिक्शा और बाइक पर सिलेंडर लेकर खड़े लोग घंटों इंतजार कर रहे हैं। यह दृश्य खुद बयां कर रहा है कि हालात सामान्य नहीं हैं, जबकि प्रशासन लगातार सब कुछ ठीक होने का दावा कर रहा है। दिलचस्प और चिंताजनक पहलू यह भी है कि प्रशासन की हिदायतों के बावजूद कई गैस एजेंसी संचालक उपभोक्ताओं के फोन तक रिसीव नहीं कर रहे।

हेल्पलाइन नंबरों के बंद या निष्क्रिय होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे उपभोक्ता अपनी समस्या तक दर्ज नहीं करा पा रहे। उधर, शहर की कई दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग खुलेआम जारी है, जिससे आपूर्ति पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब कागजों और बयानों में सब कुछ सामान्य बताया जा रहा है, तो धरातल पर यह अव्यवस्था क्यों नजर आ रही है। गैस एजेंसियों की मनमानी पर प्रशासन की चुप्पी आमजन के लिए बेहद पीड़ादायक बनती जा रही है। अब जरूरत है कि जिम्मेदार अधिकारी दावों से आगे बढ़कर जमीनी हकीकत को स्वीकार करें और सख्त कार्रवाई करते हुए व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाएं।

## राहुल का आरोप : केवल आरएसएस को ही विदेशी फंड मिलेगा

कोलकाता/गुवाहाटी/चेन्नई/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी।

देश के 5 राज्यों में अप्रैल में चुनाव हैं। सभी राज्यों में पार्टियों की जनसभा, रैली और प्रत्याशियों का जनसंपर्क जारी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज केरल दौरे पर हैं। उन्होंने कोट्टायम में कहा- विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम में संशोधन विधेयक लाया जाना है। जिससे गंभीर बात है, क्योंकि इसके तहत केवल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ही विदेशी फंड प्राप्त कर सकेगा, जबकि अन्य संगठनों पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आरएसएस में ऐसी क्या खास बात है कि उनके लिए अलग नियम हैं? वे नफरत फैलाते हैं और लोगों को बांटते हैं। भाजपा इसी तरह काम करती है। इससे पहले पतनमतिट्टा में राहुल ने कहा था कि नरेंद्र मोदी, डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में हैं।

# फर्जी टीसी से रोडवेज नौकरी : चालक के खिलाफ चार्जशीट

## तीन दशक तक फर्जी दस्तावेजों से नौकरी, अब कोर्ट में ट्रायल की तैयारी



सपना शर्मा

**जयपुर/झुंझुनू (नवयत्न)।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने राजस्थान रोडवेज में फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर चालक की नौकरी हासिल करने वाले आरोपी सतवीर सिंह के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि आरोपी ने करीब तीन दशक तक विभाग को गुमराह कर सरकारी वेतन और भत्तों का लाभ उठाया। मामले की शुरुआत जयपुर आगार के मुख्य प्रबंधक की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत से हुई। आरोप था कि सतवीर सिंह ने वर्ष 1993 में चालक पद पर नियुक्ति के लिए झुंझुनू जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सौंथली की फर्जी स्थानांतरण प्रमाण पत्र टीसी प्रस्तुत की थी। जांच के दौरान पुलिस ने संबंधित स्कूल से रिकॉर्ड का मिलान कराया, जिसमें पाया गया कि आरोपी द्वारा जमा कराई गई टीसी का क्रमांक और अन्य विवरण स्कूल के मूल रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते। इससे दस्तावेजों के फर्जी होने की पुष्टि हुई।

### जांच में सामने आया फर्जीवाड़ा

पुलिस जांच में आरोपी अपने दस्तावेजों की सत्यता का कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 धोखाधड़ी, 406, 467, 468 और 471 जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के उपयोग के तहत मामला प्रमाणित माना। आरोपी को 21 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने 32 से अधिक दस्तावेज अनुलग्नक और 12 गवाहों के बयान जुटाए, जिन्हें चार्जशीट का आधार बनाया गया है।

### सरकारी कोष को नुकसान

**चार्जशीट के अनुसार आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी प्राप्त कर वर्षों तक वेतन और भत्ते लिए, जिससे सरकारी कोष को आर्थिक नुकसान पहुंचा।**

### अब आगे क्या

**चार्जशीट पेश होने के बाद अब मामला ट्रायल की ओर बढ़ेगा। 28 अप्रैल को जयपुर मेट्रो प्रथम कोर्ट में सुनवाई निर्धारित है, जहां कोर्ट मामले में प्रसंज्ञान लेकर आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। वहीं, आरोपी की ओर से जयपुर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर भी सुनवाई प्रस्तावित है। हालांकि, आरोपी द्वारा दायर अवमानना याचिका पहले ही 16 फरवरी को खारिज हो चुकी है।**

## कोबरी-सार



## स्वर्ण पदक प्राप्त छात्रा का महाविद्यालय में सम्मान



निसं

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू की जे. बी. शाह गर्ल्स पीजी कॉलेज (मनोविज्ञान) की छात्रा तानिशा शर्मा ने सत्र 2024-25 में आयोजित विश्वविद्यालय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाउ बागडे के करकमलों द्वारा उन्हें स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 30 मार्च 2026 को छात्रा के महाविद्यालय आगमन पर प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा सहित समस्त स्टॉफ एवं संकाय सदस्यों द्वारा हर्षोल्लास के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मिठाई खिलाकर एवं शुभकामनाएं देकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग की सहायक आचार्या डॉ. सुलेखा शर्मा को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सचिव राजकुमार मोरवाल ने छात्रा व समस्त स्टॉफ को बधाइयां दी।

## जसवन्तगढ़ ताल के कृष्ण मृगों की सुरक्षा करने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने राज्य के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जसवंतगढ़ ताल में छोड़े गये कृष्ण मृगों की सुरक्षा की मांग की हैं। पत्र में डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने लिखा कि ताल छापर अभयारण्य के विस्तार के नाम पर वन विभाग ने बिना सोचे समझे सुजानगढ़ से कसुम्बी गांव जाने वाले डीडवाना-कुचामन जिले के जसवन्तगढ़ ताल में अभयारण्य के हिरण लाकर उन्हें बंधक बना कर रखा हुआ है। इस ताल में और इसके आसपास सुजानगढ़ कस्बे का बरसाती और गंदा पानी आकर इकठ्ठा होता हैं। ऐसे में ट्रायल के नाम पर इस दलदली क्षेत्र में काले मृगों को लाकर छोड़ दिया है। इस अभयारण्य में किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जाता। पत्र में लिखा कि इस ताल को डेवलपमेंट करने में करोड़ों रूपये का वन विभाग व्यय बता रहा हैं, इसकी अनियमितता की भी जांच होनी चाहिए। डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने आशंका जताई है कि ऐसे में यहां के प्रतिकूल वातावरण में कुछ कृष्ण मृग मर भी सकते हैं, जिसके तथ्य वन विभाग छुपा लेगा। पत्र में लिखा कि इस विस्तारित अभयारण्य को तीन वर्ष के लगभग हो गये हैं। अत: अब यदि सारी व्यवस्था दुरुस्त है तो इस क्षेत्र को भी पर्यटकों के लिए खोल देना चाहिए। जिससे वन विभाग की आय में बढ़ोतरी होगी।

## राठौड़ का आकस्मिक निधन, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखागांव निवासी एवं राज्य आपदा प्रतिसाद बल एसडीआरएफ राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल पद पर बीकानेर में कार्यरत जितेन्द्र सिंह राठौड़ के ऑन ड्यूटी आकस्मिक निधन का समाचार क्षेत्र के लिए अत्यंत दु:खद रहा। उनके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर छा गई और माहौल गमगीन हो गया। उनकी पार्थिव देह एस डी आर एफ द्वारा राजकीय सम्मान के साथ उनके निज आवास नोखागांव लाई गई, जहां गांव के लाडले बेटे को अंतिम दर्शन हेतु सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर आंख नम थी और हर कोई उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा था। सामाजिक कार्यकर्ता मुरली गोदारा ने जानकारी देते हुए बताया कि एस डी आर एफ राजस्थान पुलिस के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा दिवंगत को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान व्रताधिकारी जग्गूराम पूनियां, एसआई बीरबल सिंह, एसआई सुभाष चंद्र सहित नोखा पुलिस थाने से एएसआई जगदीश बिश्नोई, रामेश्वरलाल एवं जेठूसिंह उपस्थित रहे। इसके पश्चात एस डी आर एफ राजस्थान पुलिस द्वारा दिवंगत जितेन्द्र सिंह राठौड़ को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। पूरे गांव ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी।

# पंचायतीराज एवं मीडिया के बीच खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के सांतवें दिन रविवार को मीडिया व बिजली विभाग एवं पंचायतीराज विभाग व पुलिस के बीच सेमीफाईनल मुकाबले खेले गए। जिसमें मीडिया ने बिजली विभाग को पंचायतीराज ने पुलिस को हरा कर फाईनल में दोनों टीमें पहुंची। एसडीएम सुनील चौहान ने बताया कि केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही आठ दिवसीय स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के सांतवें दिन रविवार शाम छह बजे पहला सेमीफाईनल मुकाबला मीडिया एवं बिजली विभाग के बीख् खेला गया। मीडिया ने टॉस जीत कर पहले बलेबाजी करते हुए 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाएं। मीडिया के जतीन जांगिड़ ने 20 गेंदों पर पांच छक्के व दो चौकों की मदद से 42 रन, पवन ने 16 गेंदों पर 36, किशोर ने 8 गेंदों पर 18 रनों का योगदान देते हुए बिजली विभाग को 162 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में मीडिया के जतीन जांगिड़ ने13 रन देकर तीन विकेट, धर्मपाल ने 9 रन देकर, पवन ने 12 रन, हर्ष स्वामी ने 21 रन देकर दो-दो विकेट लेते हुए बिजली विभाग की टीम को 95 रनों पर ऑल आउट कर सेमीफाईनल मुकाबला 66 रनों से जीत कर फाईनल में पहुंची। मीडिया के जतीन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दुसरा सेमीफाईनल मुकाबला पुलिस व पंचायतीराज विभाग के बीच खेला गया। पुलिस टीम ने टॉस जीत कर पहले बलेबाजी चुन्नी, पुलिस ने पहले बलेबाजी करते हुए मनीष जांगिड़ ने 18 गेंदों पर 18 रन, महेश सैनी ने 14 गेंदों पर 22 रनों का योगदान देते हुए टीम को 15 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 117 रनें तक पहुंचाया। पंचायती राज के विक्रम, प्रदीप शर्मा ने दो-दो, विकास व सुनील कुमार ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में पंचायती राज विभाग ने ग्यारह ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर 118 रन बना कर सेमीफाईनल मुकाबला आठ विकेट से जीत कर फाईनल में पहुंची। पंचायती राज विभाग के विक्रम ने 31 गेंदों पर नाबाद 56 रन, संजय ने 14 गेंदों पर 34 रन बनाकर नाबाद रहे। पंचायतीराज विभाग के पवन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला मीडिया व पंचायतीराज विभाग के बीच खेला जाएगा।

# ग्रेस से पास हुए छात्र या फेल हुआ सिस्टम

### अमरसर स्कूल के रिजल्ट ने खड़े किए बड़े सवाल, ग्रामीणों ने की तालाबंदी



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** तहसील के अमरसर गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय में 14 में से 12 विद्यार्थियों के ग्रेस अंक के सहारे पास होने से पूरे गांव में आक्रोश का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति अचानक नहीं बनी, बल्कि लंबे समय से चली आ रही लापरवाही का नतीजा है। केवल 10वीं ही नहीं, बल्कि 8वीं और 5वीं बोर्ड के परिणाम भी कमजोर रहे हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। कमजोर परिणाम से नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया और शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे मुख्य विषयों के शिक्षकों की कमी है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही शिक्षकों के समय पर नहीं आने और समय से पहले जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय में न तो नियमित रूप से होमवर्क दिया जाता है और न ही कॉपियों की जांच होती है। विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी बैठकों में भी अभिभावकों की भागीदारी नहीं हो रही है। इसके अलावा स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं और लंबे समय से अनुपस्थित छात्रों के घर जाकर संपर्क तक नहीं किया जा रहा। कुछ अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि पढ़ाई के समय शिक्षक और छात्र सोशल मीडिया पर रील बनाने में व्यस्त रहते हैं, जिससे अनुशासन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि मुख्य विषयों के शिक्षकों की जल्द नियुक्ति की जाए, लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई हो और विद्यालय में अनुशासन एवं नियमित पढ़ाई सुनिश्चित की जाए। एक ओर सरकार सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर इस तरह के परिणाम व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर कर रहे हैं। अब देखना होगा कि विभाग इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना ने बदली 18 माह के सुफियान की जिंदगी

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है और बेहतरीन सेवाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है। प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का सही समय पर लाभ और चिकित्सा सेवाओं की तत्परता से असंभव भी अब संभव हो रहा है। प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना स्वास्थ्य प्रभावितों की जिंदगी को पूरी तरह बदल रही है। ऐसा ही उदाहरण है चूरू शहर के वार्ड नंबर 17, नया बास निवासी मोहम्मद सुफियान सोलंकी का, जिनको मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पूर्णतया नि:शुल्क उपचार मिला और सफल कॉक्लियर इंप्लांट होने से उनकी खामोशी को आवाज मिल गई। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना 18 माह के बच्चे मोहम्मद सुफियान सोलंकी के लिए जीवन में नई ज्योति बन कर आई है। सुफियान के पिता जावेद सोलंकी बताते है कि आरबीएसके टीम ने सुफियान की स्वास्थ्य जांच की तो सामने आया कि सुफियान जन्मजात बहरेपन से ग्रसित है। सुफ्यिान जन्म से ही बहरेपन के रोग से ग्रसित हाने के कारण वह बोल भी नहीं पाता था। जावेद बताते हैं कि सुफियान को ऐसे उनसे देखा नहीं जाता था। वह अक्सर सोचते कि जब वह बड़ा होगा, उसका भविष्य का क्या होगा होगा और इसी सोच से वे परेशान रहने लगे। वह बताते हैं कि तीन भाई कृ बहनों में सूफियान सबसे छोटा व दो बहनों पर इकलौता भाई है। सुफियान को चूरू के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. विकास देवड़ा को दिखाकर उच्च स्तरीय उपचार कॉक्लियर ईम्पलांट के लिए पीबीएम अस्पताल बीकानेर भिजवाया गया, जहां पीबीएम अस्पताल के कान, नाक, गला रोग विभाग के विभागाध्यक्ष और कॉक्लियर इम्पलांट सर्जन डॉ. गौरव गुप्ता ने समस्त आवश्यक जांच कर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में बालक सूफियान का सफल कॉक्लियर इम्पलांट किया गया। जावेद बताते हैं कि मासूम सुफियान को अब नई जिंदगी मिली है। वह अब सुन सकेगा और बोलना भी सीख पाएगा। यह बदलाव न केवल उसके जीवन को संवारने वाला है, बल्कि उसके परिवार के लिए भी अपार खुशी और राहत लेकर आया है। वह प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहते हैं कि इस महंगे उपचार का पूरा खर्च मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत नि:शुल्क वहन किया गया, जिससे आर्थिक रूप से उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है।

## हादसे में हुई बालक की मौत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुबह करीब पौने नौ बजे बीदासर में अपने घर के बाहर खड़े बच्चे को ट्रेक्टर मिक्सर ने तेज गति ओर लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दीए जिससे बच्चे का सिर टायर की चपेट मे आ गया। परिजन तुरंत बीदासर अस्पताल लेकर गए, जहाँ से गंभीर हालत में रैफर करने पर 108 से सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया। जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ने इमरजेंसी मे भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पांच वर्षीय शुभम पुत्र भागूराम मेघवाल, निवासी वार्ड नं. 19, बीदासर है।

बीदासर थाने के एएसआई सतवीर सुजानगढ़ अस्पताल पहुंचे तथा परिजनों की रिपोर्ट पर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दया।

## मेहन्दी प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोड़की में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान नीतू पुत्री मामराज महला कारी के 10 वीं में 97.50 प्रतिशत अंक आने की खुशी में महिला मण्डल बड़ापाना भोड़की व स्वयं सहायता समूह के संरक्षक कैलाश डूडी तथा स्कूल प्रिंसिपल की देखरेख मे प्रतियोगिता सम्पन्न करवायी। अध्यक्षता हरलाल सिंह गढवाल ने की। प्रतिभागियो को प्रथम द्वितीय व तृतीय को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

## मिस्ट्रो अवॉर्ड 2026 राष्ट्रीय स्तर पर बचपन स्कूल का सम्मान

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बचपन स्कूल लाडनूं को प्रतिष्ठित 8 वीं मिस्ट्रो अवॉर्ड 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। जिससे विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। इस भव्य समारोह में देशभर से बचपन ग्रुप के 50 से अधिक स्कूलों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बचपन ग्रुप के हेड अजय गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। लाडनूं से निदेशक दिनेश धेड़ू एवं प्रिंसिपल हर्षिता जैन ने यह सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय की टीम के सदस्य स्वाति जरिया, कैलाश बेरा एवं दिव्या वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण पद्म अवॉर्डी एवं दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरथ रहे। इस उपलब्धि से लाडनूं क्षेत्र में खुशी की लहर है वहीं विद्यालय परिवार ने इसे आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा बताया।

# किड्स क्रेजी स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** शहर के झालरिया कुएं के पास स्थित किड्स क्रेजी स्कूल में कक्षा 5वीं, 8वीं एवं 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कुल 90 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह के दौरान कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम प्रस्तुत करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इनमें तेजस वेद, पंकज सोनी, पीयूष अग्रवाल, मोहित जांगिड़ सहित कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा 8वीं के परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहे, जहां 39 विद्यार्थियों में से 32 ने ए ग्रेड प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शानदार अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी तरह से कक्षा 5वीं के 46 विद्यार्थियों में से 38 विद्यार्थियों ने ए ग्रेड प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अभिभावकों की भी विशेष उपस्थिति रही, इस दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुराग मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। हम भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। समारोह में सुनीता, पूनम मिश्रा, पूनम सोनी, कुसुम शर्मा, प्रियंका सोनी, ऋषभ कोका, मनोज जांगिड़, कविता, किरण, ज्योति, माता पल्लवी, दीपिका जांगिड़, उर्मिला गुर्जर, रेनू दर्जी, भानुप्रिया गौरी, माता विनीता मोयल आदि विद्यालय के सदस्य मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का दो दिवसीय वर्ग संपन्न

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत सुजानगढ़ शहर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थानीय फतेहपुरिया गेस्ट हाऊस में आयोजित हुआ।

जिसमें मण्डल कार्यकारिणी, मण्डल मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, मण्डल निवासी जिला व प्रदेश के कार्यकर्ता, समान स्तरीय मण्डल के जनप्रतिनिधि, शक्ति केन्द्र संयोजक व बूथ अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण लिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजानगढ़ मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मंचस्थ अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता, श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रशिक्षण महाअभियान वर्ग में 105 दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने नियत समय पर उपस्थित होकर पंजीकरण करवाया। कार्यक्रम शुभारम्भ सामूहिक राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के पूर्ण गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंचस्थ मुख्य वक्ता के रूप में क्रमश: प्रथम सत्र में भाजपा का इतिहास विषय पर पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने, द्वितीय सत्र में वैचारिक अधिष्ठान विषय पर वरिष्ठ नेता बुद्धिप्रकाश सोनी ने, तृतीय सत्र में कार्यपद्धति विषय पर जिला मंत्री पवन माहेश्वरी ने,, चतुर्थ सत्र में कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच ने, पंचम सत्र में केंद्रीय एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां व क्रियान्वयन विषय पर वरिष्ठ नेता तनसुख प्रजापत ने, षष्ठम सत्र में मीडिया सोशल मीडिया एआई के साथ सरल एप विषय पर वरिष्ठ नेता वैद्य भंवरलाल शर्मा ने और सप्तम सत्र में बूथ प्रबंधन मन की बात टिफिन बैठक आगामी कार्यक्रम व बूथ स्तरीय कार्यक्रम विषय पर भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने एवं प्रशिक्षण महाभियान शिविर के संबंध में प्रवास प्रभारी महावीर सैन और एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण महाभियान में प्रशिक्षणार्थियों को संगठन की विचारधारा, इतिहास, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग के साथ संगठन में कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने क्विज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण पूर्णता का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। कार्यक्रम में वर्ग गीतों का सामूहिक गायन गणेश मण्डावरिया और विजय चौहान ने करवाया।

राष्ट्रीय गीत का गायन गौतम बागड़ा ने करवाया। प्रशिक्षण के दौरान मंडल महामंत्री प्रकाश भार्गव, मंडल उपाध्यक्ष शारदा मंडावरिया, अमरचंद सेन, गोपाल पारीक, सुमन सांभरिया, मंडल मंत्री यशोदा प्रजापत, प्रियांशु लड़ा, मुरारी खंडेलवाल, राजेश सेन,, मंडल कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, महिला मोर्चा अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मौसून, किसान मोर्चा अध्यक्ष महावीर सांखला,, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साकिर खान बेसवा, निवर्तमान पार्षद शर्मिला सोनी, पंकज घासोलिया, रेवंतमल पंवार, दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, गणेश मण्डावरिया और विजय चौहान, प्रेम स्वामी, रवींद्र पांडे, गौतम बागड़ा, कोमल गौड़, रामरतन बोचीवाल, श्रीराम बिहानी, मनीष कुमार, राहुल प्रजापत, प्रकाश खंडेलवाल, श्रवण सिंह राठौड़, रौनक जैन, विनोद सोनी,, एड. विमल दाधीच, कैलाशचंद्र सराफ, सीताराम माली, सत्यनारायण चांडक, चंचल जैन, जगदीश नाथ, एड. सलीम खान, विपिन प्रजापत, अनिल प्रजापत, अशोक प्रजापत, दिलीप चौधरी, विश्वदीपक काछवाल, नरेंद्र प्रजापत, बाबूलाल यादव, विनोद प्रजापत सहित अनेक कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहे। शहर मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री गौरव इंदौरिया ने किया।

## 65 वर्षीय रांकावत का निधन, परिवार ने किया नेत्रदान का सराहनीय निर्णय

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय काका कॉलोनी निवासी महावीर प्रसाद रांकावत 65 पुत्र लूणकरण रांकावत का सोमवार को निधन हो गया। शोक की इस घड़ी में उनके परिवार ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए नेत्रदान का सराहनीय निर्णय लिया। मृतक के पुत्र देवीदत्त रांकावत, पुत्रवधू सुलेखा, पुत्रियां रजनी, रेखा, विनोद एवं संतोष स्वामी, भाई श्रीगोपाल स्वामी तथा भतीजा राहुल स्वामी की सहमति से नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई। प्राणनाथ हॉस्पिटल के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत एवं सहयोगी दिनेश शर्मा ने नेत्र संग्रह किया। नेत्रदान के लिए सामाजिक कार्यकर्ता फुसाराम स्वामी ने प्रेरक की भूमिका निभाई। केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि यह इस केन्द्र का 40वां नेत्रदान है। उन्होंने कहा कि रांकावत परिवार ने दु:ख की घड़ी में भी परोपकार और मानव सेवा का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसकी उपस्थित जनों ने सराहना की। नेत्रदान के इस पुनीत कार्य पर गांव के लोगों सहित सरदारशहर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, प्राणनाथ हॉस्पिटल के चेयरमैन शांति लाल चोरड़िया एवं राजस्थान राज्य थली प्रभारी लोकेश सेठिया ने परिवार का आभार व्यक्त किया।

# विद्या भारती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की संचियालाल आदर्श विद्या मंदिर द्वारा दास बालाजी मंदिर परिसर में विद्या भारती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की वंदना से हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुरेश सैनी थे। नगर के हरिराम कड़ेल, उदय प्रकाश दाधीच, शरद कुमार शर्मा, आनंदी लाल चौधरी, लोकेश कुमार चौमाल, शरद कुमार शर्मा आदि मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। इस अवसर पर कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट अंकों से पास होने वाले विद्यार्थियों तथा उनके परिजनों का दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्या मंदिर के बालक बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर योगा तथा विद्या भारती के कुल गीत, विद्या भारती शिक्षा वीणा गुंजति लोके निरंतरा की भी अति सुन्दर प्रस्तुति दी गई। मुख्य वक्ता सुरेश कुमार सैनी ने विद्या मंदिर की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि-विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ.साथ संस्कार की भी महती आवश्यकता है। संस्कार विहीन बालक किसी भी क्षेत्र में बहुत दूर तक सफल नहीं हो सकते। सेवा भाव व सुसंस्कार किसी भी राष्ट्र की उन्नति में महान भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सम्मेलन का संचालन कृपा शंकर स्वामी ने किया। इस अवसर पर मनोज कुमार सोनी, राजेश कौशिक, दिलीप स्वामी, अरविन्द मिश्रा तथा आदर्श विद्या मंदिर संकुल तथा संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर के स्टाफसहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अवैध शराब बिक्री को लेकर कॉलोनी वासियों में रोष

## मामूली कहासुनी झगड़े में बदली

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महेश नगर थाना इलाके में रविवार देर रात अवैध शराब की बिक्री को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। कॉलोनीवासी और शराब बेचने वालों के खिलाफ जमकर महासुनी हुई। जिसके बाद स्थानीय लोग अपने आपे से बाहर हो गए और गुस्साए लोगों ने स्कॉर्पियों और वहां खड़ी बाइकों में जमकर तोड़फोड़ कर दी। जिसके बाद एक बाइक में आग लगा कर उसे स्वाहा कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगो को खदेड़ा। पुलिस ने इस मामले में 12 से ज्यादा लोगों को राउंड अप कर दिया। थानाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि थाना इलाके में स्थित केके फैक्ट्री के पास शराब की एक दुकान पर रविवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे अवैध शराब ब्रिकी को लेकर कॉलोनीवासियों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विरोध के दौरान दोनों पक्षों में हुई कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि शराब दुकानकर्मियों के मारपीट करने पर कॉलोनी के लोगों भी उग्र हो गए और उन्होने शराब की दुकान के बाहर खड़ी तीन बाइक और एक स्कॉर्पियों में जमकर तोड़फोड़ की। इतना ही नहीए एक बाइक को आग के हवाले कर दिया। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। महेश नगर थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को हटाकर स्थिति को शांत करवाया। हालात पर काबू पाकर उपद्रव मचाने वाले 12 से ज्यादा लोगों को राउंडअप किया। हमले में घायल रामवतार सैनी के परिजनों का कहना है कि ठेका बंद होने के बावजूद अंदर से एक छोटे सुराख के जरिए शराब बाहर खड़े लोगों को दी जा रही थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।

# अपार्टमेंट परिसर में लगा झूला टूटने से बच्ची का सिर फटा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट परिसर में लगा झूला टूट गया। झूले की चपेट में आई बच्ची का सिर फट गया और उसकी नाक की हड्डी और जबड़ा टूट गया। जिसके बाद अपार्टमेंट परिसर में रहने वाले स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होने सोसायटी मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाया। थानाधिकारी उदय यादव ने बताया कि सनसिटी स्थित मैक्स हाईट अपार्टमेंट में रहने वाली विजय लक्ष्मी शर्मा ने मामला दर्ज कराया है कि रविवार को उनकी भतीजी परिवार के साथ मिलने उसके घर आई थी। शाम 4 बजे भतीजी की 12 साल की बेटी आशी पारीक अपार्टमेंट परिसर के ग्राउंड फ्लोर पर लगे झूले पर झूलने चली गई। झूला झूलते समय अचानक टूट गया। इससे वह जमीन पर दूर जाकर गिरी। झूला में लगे पाइप बच्ची के ऊपर आकर गिरे। जिससे बच्ची घायल हो गई। चीख-पुकार की आवाज सुन ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद लोग बाहर पहुंचे। झूले के नीचे दबी बच्ची को जैसे.तैसे बाहर निकाल कर उसे नजदीकी अस्पताल भिजवाया। झूला की चपेट में आने से बच्ची के मुंह में मल्टीपल फ्रैक्चर, नाक की हड्डी टूट गई। वहीं पीड़ित परिजनों ने मामला दर्ज कराया है कि झूले और अन्य सुविधाओं के मेंटेनेंस को लेकर वे कई बार सोसायटी को शिकायत कर चुके थे, लेकिन मैनेजमेंट पर कभी ध्यान नहीं दिया। इसी लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। इस हादसे के बाद सोसायटी में रहने वाले लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। सोसायटी में करीब 200 परिवार रहते हैं। उनसे हर महीने 4 हजार रुपए मेंटेनेंस लिया जाता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं किया जा रहा। आरोप है कि हादसे के बाद मैनेजमेंट के जिम्मेदार लोग मौके से गायब हो गए। यहां तक कि कुछ कर्मचारियों ने घटनास्थल से खून के धब्बे मिटाने की कोशिश भी की। अगर समय रहते मेंटेनेंस किया गया होता तो यह हादसा टल सकता था।

# मधुमक्खियों के हमले में दो घायल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सोमवार सुबह स्टेशन रोड पर स्थित कनोई बिल्डिंग के पास फल का ठेला लगा रहे लोगो पर मधमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे दो भाई कय्यूम 29 वर्ष और आसिफ27 वर्ष पुत्रगण उम्मेद सब्जी फरोश निवासी वार्ड 44 सुजानगढ़ घायल हो गए। जिनको बगड़िया अस्पताल लाया गया। जहां पर श्याम स्वर्णकार की सहायता से इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू किया गया तथा डंक निकाले गए। कय्यूम के करीब 50 डंक तथा आसिफके 20-25 डंक निकाले गए। वहाँ खड़े बाकी लोगो ने भागकर खुद को बचाया। डॉ. विवेक सोनी, ओमप्रकाश आदि ने इलाज किया।

# विकास अधिकारी के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

## कमीशन खोरी, मनमर्जी और अभद्रता का जड़ा आरोप

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** पंचायत समिति बीडीओ के खिलाफ प्रशासक संघ का विरोध निरंतर जारी है। सोमवार को प्रशासकों ने डीडवाना जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा बताई। ज्ञापन में बताया कि लाडनूं बीडीओ कुमुद सोलंकी ने निरन्तर सरपंचों के विरूद्ध अपनी कार्यशैली बना रखी है जिससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्य ठप्प पड़े हैं।

सुनारी प्रशासक धन्नी देवी कालेरा ने बताया कि यहां पंचायतों के कार्यों की सीसी जमा करवाने के बाद भी कमीशन के चक्कर में बकाया भुगतान बहाने बनाकर अटकाया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत बने शौचालयों के भुगतान बजट राशि उपलब्ध होने के बावजूद नहीं किये जा रहे है जिससे एसबीएम की राशि निरन्तर लेप्स हो रही है। प्रशासक सुमन खीचड़ ने बताया कि पंचायतों के अति आवश्यक कार्य की स्वीकृतियां भी पंचायत समिति साधारण सभा बैठक में लिए प्रस्तावों के बावजूद नहीं निकाली जा रही। बीडीओ द्वारा दरी घोटाला करने की नियत से ग्राम पंचायतों पर जबरन भुगतान करवाने का दबाव बनाया जा रहा है। प्रशासक हरदयाल रुलाणिया ने कहा कि यहां विकास अधिकारी के विरूद्ध पहले भी साधारण सभा में निन्दा प्रस्ताव पारित हो चुका है लेकिन उसके बावजूद आज तक कोई जांच नही की गई जिससे समस्त प्रशासकों में भारी रोष है। जब कोई प्रशासक किसी कार्य के लिए ऑफिस में जाते है तब सीधे बात नहीं कर धमकी भरे शब्द बोलकर उन्हें बाहर निकाल दिया जाता है। पीड़ित प्रशासकों ने कलेक्टर के समक्ष पेश होकर विकास अधिकारी के विरूद्ध भारी रोष जताया है। प्रशासकों नें चेतावनी देते हुए ग्राम पंचायतों के समस्त कार्यों से अपना कार्य बहिष्कार कर अधिकारी को लाडनूं से नहीं हटाने तक समस्त ग्राम पंचायतों में कार्य अनिश्चित काल कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। वहीं बीडीओ के विरूद्ध उच्च स्तरीय जांच करवाते हुए दोराने जांच अधिकारी को एपीओ करवाने की मांग की है।

# बाबा सुंदरदास गौपाल नंदीशाला में भूमि पूजन सम्पन्न

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा सुंदरदास गोपाल नंदीशाला, जाखल में नंदीशाला विकास कार्यों हेतु भूमि पूजन एवं सवामणी प्रसाद कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संत शिरोमणि महंत दिनेशगिरी महाराज, फतेहपुर मढ़ी के सानिध्य में विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर नंदीशाला के लिए भूमि दान करने वाले भामाशाह रामजीलाल मूंड, महावीर मूंड एवं उनके परिवार का साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने भी शिरकत की। उन्होंने नंदीशाला परिसर में लगभग 400 मीटर सीसी रोड बनवाने तथा गौसेवा हेतु 1 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की। सेठ श्याम सुंदर सौंथलिया ने नंदीशाला का प्रवेश द्वार बनवाने की घोषणा की। भामाशाह सेठ किशनलाल मोरारका द्वारा भी 1 लाख रुपये का सहयोग प्रदान किया गया। वहीं प्रताप सिंह मूंड एवं कमलेश मूंड द्वारा नंदीशाला कार्यालय हेतु भूमि उपलब्ध करवाने के साथ 51,000 रुपये का सहयोग दिया गया। इसी प्रकार रामकिशन केडिया द्वारा 31,000 रुपये का सहयोग प्रदान किया गया। फूलचंद खेदड़ द्वारा फव्वारा सेट भेंट किया गया। इसके अलावा भी अनेक भामाशाहों ने सहयोग दिया। इस अवसर पर महंत दिनेशगिरी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि गौसेवा सबसे बड़ा धर्म है और समाज को ऐसे सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नंदेश्वर महाराज की कृपा से यह नंदीशाला भविष्य में गौसेवा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। वहीं विधायक विक्रम सिंह जाखल ने अपने संबोधन में कहा कि जाखल में पहले से संचालित बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सेवा संस्था है और अब अलग से बन रही यह नंदीशाला गौसेवा के कार्य को और मजबूती देगी। उन्होंने समाज द्वारा किए जा रहे इस कार्य की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भामाशाह रमेश कुमार गदैया, डाडा फतेहपुरा नंदीशाला अध्यक्ष सुरेश कुमार, जाखल गौशाला अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड, महावीर प्रसाद मूंड, भोड़की गौशाला सचिव कैलाश डूडी, बुगाला गौशाला अध्यक्ष हीरानंद बुगालिया, नन्दकिशोर स्वामी, बसंत सिंह, एडवोकेट नवरत्न सिंह, डॉक्टर नवनीत, विकास खेदड़, मंगलचंद मूंड, मोहनलाल खेदड़, अम्मीलाल खेदड़, श्रवण सिंह, पंचायत समिति सदस्य समुद्र कड़ायल, नत्थू खेदड़, गिरधारी खेदड़, ताराचंद खेदड़, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल, धर्मेन्द्र बाय, बुधराम सहित अनेक गौभक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सवामणी प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# हनुमत महायज्ञ में दी आहुतियां, भजनों से रिझाया बाबा को

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मानसरोवर के पटेल मार्ग के सामने न्यू सांगानेर रोड पर प्रजापति विहार स्थित श्री चिन्ताहरण काले हनुमान जी मंदिर में खोजीजीद्वाराचार्य स्वामी रामरिछपाल देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज के सान्निध्य में मनाए जा रहे सात दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव में सोमवार को मुख्य यजमान चंद्रप्रकाश भाड़ेवाला सहित अन्य यजमानों ने सप्नीक पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुतियां प्रदान की। मंदिर के प्रवक्ता प्रियाशरण महाराज ने बताया कि यज्ञ के आचार्य पं. अश्विनी चतुर्वेदी के निर्देशन में विद्वान यजमानों ने यज्ञ भगवान को वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दिलवाई। यज्ञ में 2 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 8 से 12 बजे तक एकादश कुंडात्मक हनुमत् महायज्ञ में वेद मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान की जाएंगी। उधर हनुमत् कथा में व्यास पीठ से वृंदावन के पं. केशवदेव महाराज भक्तमाली ने हनुमान जी महाराज की लीलाओं का श्रवण कराया। शाम को भजन संध्या में वीर बजरंग बली का गुणगान हुआ। सोमवार को म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था के भजन गायकों ने भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। भजन संध्या में समिति के पदाधिकारीयो ने गुरु महाराज का माला दुपट्टा शॉल उड़ाकर सम्मान किया बाबा के समक्ष अखंड ज्योत प्रज्वलित कर स्थानीय भजन गायको ने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाया। भजन संध्या में अनवरत पुष्प वर्षा इत्र वर्षा होती रही।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट की रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल जयपुर में जेएनयू सुपर हॉस्पिटल जगतपुरा और दाना शिवम हार्ट एवं सुपर स्पेशिलिस्टी हॉस्पिटल विद्याधर नगर की तरफसे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय राजेश कॉवट ने बताया कि चिकित्सा शिविर में जेएनयू सुपर हॉस्पिटल जगतपुरा के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ श्याम सुन्दर के निर्देशन में एंडोक्राइनोलॉजिस्ट एवं डायबिटोलॉजिस्ट, मूत्र, गुर्दा, व पथरी रोग, हड्डी व जोड़ प्रत्यारोपण फिजिशियन, शल्य चिकित्सक, ईएनटी, नेत्र, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों ने अपनी सराहनीय सेवाएं दी। चिकित्सा शिविर में पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने विजिट कर सभी पुलिसकर्मियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसी प्रकार दाना शिवम हार्ट एंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल विद्याधर नगर जयपुर के निदेशक व वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार गर्सा व उनकी टीम के द्वारा हृदय, मस्तिष्क, अस्थि, ईएनटी, जनरल फिजिशियन के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर परामर्श व सभी प्रकार की खून की जांच नि:शुल्क की गई। चिकित्सा शिविर में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था डॉ. राजीव पचार ने स्वास्थ्य जांच करवाकर बताया कि जवानों के द्वारा 24 घंटे ड्यूटी की जाती है। अत: हमारा दायित्व है कि समय-समय पर इनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे। सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शिविर में उत्साह पूर्वक लाभ प्राप्त किया। समस्त अधिकारी-कर्मचारियों की ईसीजी, डेंटल चेकअप, आँखों की जाँच, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की निशुल्क जांच की जाकर हाथों-हाथ परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पार्थ शर्मा, लखन मीणा एवं पुलिस निरीक्षक सपना पुनिया ने सफलतापूर्वक करवाया।

# आदर्श विद्या मंदिर में प्रतिभाओं का किया सम्मान



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की मंजुला सराफ आदर्श विद्या मन्दिर के प्रांगण में समाजसेवी पुष्पा जैन, मुकेश श्रीमाल, सीताराम पारीक, विद्यालय व्यवस्थापक कृष्णकांत दाधीच, अध्यक्ष धनराज सेन के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य कृष्ण स्वामी ने अतिथियों का परिचय कराया विद्यालय परिसर में 40 प्रतिभाओं का सम्मान होने के कारण उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को उनके परिणाम सुनाए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सराहा गया। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दी। अभिभावकों ने भी बच्चों की सफलता पर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष धनराज सेन, विद्यालय व्यवस्थापक कृष्णकांत दाधीच, बिड़दीचन्द प्रजापत, ओम प्रकाश पारीक, तारा दर्जी, द्रोपती पारीक, अनीता शर्मा, गुंजन पारीक, शिल्पा मारू, रामचंद्र सुथार, सुषमा सैनी, काशीराम स्वामी, ममता स्वामी,, रामनारायण मारु,, बजरंग सिंह भाटी, अजय सिंह रावत सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे। विद्यालय के अध्यक्ष धनराज सेन ने सबका आभार व्यक्त किया।

# अंधड़ के साथ बूंदाबांदी, कटी फसल को बचाने में जुटे किसान

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** क्षेत्र में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली और अंधड़ के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। अचानक बदले मौसम से जहां आमजन को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई। इन दिनों खेतों में गेहूं व सरसों की कटाई चल रही है और कई जगह फसल कटकर खेतों में पड़ी हुई है। ऐसे में अंधड़ और बूंदाबांदी के कारण फसल के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। तेज हवाओं से खेतों में बंधी फसल बिखरने लगी, जिससे किसानों को नुकसान की आशंका सताने लगी है। मौसम खराब होते ही किसान तुरंत खेतों की ओर दौड़ पड़े और कटी फसल को सुरक्षित स्थानों पर समेटने में जुट गए। कई किसान तिरपाल और प्लास्टिक की सहायता से फसल को ढकने का प्रयास करते नजर आए। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो मेहनत पर पानी फिर सकता है। उन्होंने प्रशासन से भी खराब मौसम की स्थिति में सहायता की मांग की है।

# धानुका आदर्श विद्या मंदिर में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की स्थानीय विद्यालय श्री दुर्गा प्रसाद धानुका बालिका उच्च माध्यमिक एवं श्री चिरंजी लाल धानुका प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर में स्थानीय परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहिनों का सम्मान किया गया। कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बहिनों को तथा भैयाओं को प्रतिक चिह्न व माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कक्षा षष्ठी में प्रथम श्रुति पारीक, द्वितीय रितिका, तृतीय पिहु शर्मा कक्षा सप्तमी में प्रथम गुंजन शर्मा द्वितीय हेमाक्षी शर्मा, तृतीय डिम्पल प्रजापत कक्षा नवमी प्रथम मितिका, द्वितीय जिज्ञासा शर्मा, तृतीय खुशी कक्षा एकादशी कला में प्रथम यशस्वी, द्वितीय चित्रा शर्मा, तृतीय लक्ष्मी महर्षि एकादशी वाणिज्य में प्रथम लक्षिता प्रजापत, द्वितीय कल्पना स्वामी, तृतीय प्रियंका स्वामी रही तथा विद्यालय स्तर पर प्रथम कक्षा षष्ठी से श्रुति पारीक व कक्षा सप्तमी से गुंजन शर्मा रही। चिरंजी लाल धानुका प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर में भैयाओं में कक्षा प्रथमा में प्रथम राजन्य शर्मा, द्वितीय क्रितेश शर्मा, तृतीय राघवेन्द्र सिंह राठौड़ कक्षा द्वितीया में प्रथम यथार्थ शर्मा, द्वितीय ध्वनित कुमावत एवं विशाल शर्मा, तृतीय मुकुन्द, दिव्यांश प्रजापत, नितेश प्रजापत, कक्षा तृतीया में प्रथम मोहक सूर्या कटारिया, द्वितीय पुलकित सैनी, तृतीय रिषभ तथा कक्षा चतुर्थी में प्रथम जिवेश प्रजापत, द्वितीय हर्षवर्धन दाधीच, तृतीय धैर्य जाट रहे। विद्यालय में प्रथम भैया जिवेश प्रजापत रहा।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भैया मोहक सूर्या कटारिया ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचस्थ अतिथियों ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। उच्च माध्यमिक बालिका प्रभारी रंजना इन्दौरिया ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाया। मंचस्थ अतिथियों में स्थानीय समिति के अध्यक्ष रामगोपाल मुरारका, सहव्यवस्थापिका जमना देवी, अभिभावक प्रतिनिधि लीलाधर सांखोलिया व विद्यालय से उच्च माध्यमिक बालिका प्रधानाचार्य सुनील कुमार महर्षि बालिका प्राथमिक प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार चौमाल, भैया प्राथमिक प्रधानाचार्य ताराचन्द शर्मा सभी आचार्य व आचार्या व अभिभावक उपस्थित थे। आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया व संस्कार व गुणों को व्यवहार में अपनाकर गंतव्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

# चैत्र पूर्णिमा पर भक्तिभाव से मनाया जाएगा हनुमान महाराज का जन्मोत्सव

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** केसरी नंदन हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा दो अप्रेल को छोटी काशी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुबह जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमानजी का जन्माभिषेक होगा। सिंदूरी चोला चढाकर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। हनुमान जी महाराज के दर्शनों के लिए मंदिरों सुबह से ही तांता लग जाएगा। चांदी की टकसाल स्थित ठिकाना मंदिर श्री काले हनुमानजी में केसरी के नंदन का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सोमवार को यहां तैयारियां जोर शोर से जारी रही। कल मंदिर महंत गोपालदास महाराज के सान्निध्य में हनुमानजी का सहस्त्रधाराभिषेक के साथ जन्माभिषेक किया जाएगा। मंदिर के युवाचार्य पं. योगेश शर्मा ने बताया कि सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड के पाठ होंगे। पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया जाएगा। खोले के हनुमानजी मंदिर में सुबह हनुमानजी महाराज का 108 औषधि द्रव्यों और विभिन्न तीर्थों के जल से मंत्रोच्चारण के साथ महाअभिषेक होगा। इसके बाद षोडशोपचार पूजन किया जाएगा। हनुमानजी को चांदी की पोशाक धारण करवा कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर में विशेष उत्सव आरती होगी। चांदपोल हनुमान मंदिर में पंचामृत अभिषेक के बाद विशेष श्रृंगार किया जाएगा। जन्म आरती के बाद दर्शन खुलेंगे। सांगानेरी गेट स्थित पूर्वमुखी हनुमानजी मंदिर में पंचामृताभिषेक के बाद बाद सवा किलो सिंदूर का चौला चढ़ाया जाएगा। इसके बाद नवीन पोशाक धारण करवा कर जन्म आरती की जाएगी। सांगानेरी गेट स्थित पश्चिम मुखी हनुमान मंदिर में अभिषेक, श्रृंगार, पूजन और महाआरती होगी। पुराना घाट स्थित जयपुर के कुल देवता के रूप में प्रसिद्ध घाट के बालाजी मंदिर में स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज के सान्निध्य में हनुमान जी महाराज का पंचामृत अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया जाएगा। नवीन पोशाक धारण कराने के बाद चूरमे का भोग लगाया जाएगा। देवस्थान विभाग की ओर से मंदिर में सजावट की जाएगी। न्यू सांगानेर रोड स्थित चिंताहरण काले हनुमान जी मंदिर में महंत मनोहरदास के सान्निध्य में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। करतारपुर स्थित मनशापूरण हनुमान मंदिर में सुबह दुग्धाभिषेक के बाद रुद्र पाठ होंगे। हनुमानजी को 11 हजार लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। वहीं चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में महंत नरेंद्र तिवाड़ी के सान्निध्य में हनुमत जन्मोत्सव मनाया जाएगा। हनुमानजी का पंचामृत अभिषेक कर केवड़ा व गुलाब जल, सुगंधित इत्र, गंगाजल आदि को मिश्रित कर स्नान कराया जाएगा।

## सम्पादकीय

# माओवाद से मुक्ति की घड़ी देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि

माओवाद से मुक्ति की समयसीमा निकट आ जाने के पूर्व बस्तर में 25 लाख के इनामी माओवादी सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह हथियार डाले, उसे माओवादियों के इस सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा के अंत का एक निर्णायक क्षण मानना स्वाभाविक है, क्योंकि यह इस क्षेत्र का आखिरी बड़ा माओवादी सरगना माना जाता था।

देश का माओवाद से मुक्ति की कगार पर पहुंचना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि के लिए पूरा श्रेय मोदी सरकार और विशेष रूप से गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, जिन्होंने यह संकल्प लिया कि एक निश्चित अवधि में माओवादियों को घुटने टेकने के लिए विवश किया जाएगा। यह संकल्प पूरा होता इसलिए दिखाई दे रहा है, क्योंकि सुरक्षा बलों ने एक व्यापक और कहीं अधिक प्रभावी रणनीति के तहत माओवाद के खात्मे का अभियान छेड़ा। अच्छी बात यह रही कि इस अभियान में माओवाद ग्रस्त सभी राज्यों और वहां के सुरक्षा बलों ने पूरा सहयोग दिया। यदि माओवाद दशकों से देश के लिए सिरदर्द और आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बना रहा तो इसीलिए कि पहले की सरकारों ने उससे निपटने के मामले में वैसी प्रतिबद्धता का परिचय नहीं दिया, जैसी आवश्यक थी।

अब जब माओवाद अंतिम सांसें गिनता दिख रहा है तो यह ध्यान रहे कि ग्रामीण क्षेत्रों में हथियारबंद माओवादी भले ही असहाय-निरुपाय दिख रहे हों, लेकिन अर्बन नक्सल कहे जाने वाले उनके उन समर्थकों को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए, जो माओवादी संगठनों को वैचारिक खुराक देते रहे हैं। स्पष्ट है कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को हताश-निराश माओवादियों को फिर से सिर उठाने का अवसर नहीं देना चाहिए। यह हिंसक विचारधारा किसी भी सूरत में दोबारा नहीं पनपनी चाहिए। माओवाद घोर अतिवादी एवं सभ्य समाज को चुनौती देने वाली एक विषैली और विजातीय विचारधारा है। स्पष्ट है कि इस विचारधारा का सामना विचार के स्तर पर भी करना होगा। ऐसा करते समय यह भी स्मरण रखना होगा कि निर्धन-वंचित ग्रामीणों और विशेष रूप से वनवासियों के हितों की रक्षा की फर्जी आड़ लेकर पनपी इस विचारधारा को समय-समय पर राजनीतिक संरक्षण भी मिला। चूंकि माओवादी भोले-भाले ग्रामीण लोगों के हितों के बहाने कमीशनखोरी और उगाही करने वाले गिरोह में तब्दील हो गए थे, इसलिए वे अपने को सशक्त करते चले गए। सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही कि वे विभिन्न स्रोतों से आधुनिक हथियार एवं विस्फोटक भी हासिल करने में समर्थ रहे।




## विशेष आलेख

# ईरान की सीमाओं के हालात देखिये, पक्का चौंक जाएंगे! युद्ध ने खड़ा कर दिया है बहुत बड़ा मानवीय संकट



ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष ने पूरे पश्चिम एशिया को एक गहरे मानवीय संकट में धकेल दिया है। बीते एक महीने से लगातार हो रही बमबारी ने न केवल हजारों लोगों की जान ली है, बल्कि लाखों लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम 1937 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि चौबीस हजार आठ सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं। ये आंकड़े इस बात की गंभीरता को दर्शाते हैं कि यह संघर्ष अब व्यापक मानवीय आपदा बन चुका है।

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक, इस संघर्ष के कारण अब तक बत्तीस लाख से अधिक लोग ईरान के भीतर ही विस्थापित हो चुके हैं। तेहरान, इस्फहान और केरमानशाह जैसे बड़े शहरों में सबसे ज्यादा हवाई और ड्रोन हमले हुए हैं, जिसके चलते लोग इन इलाकों को छोड़कर अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों और कैस्पियन सागर के पास के उत्तरी इलाकों की ओर जा रहे हैं। लेकिन हालात इतने खराब हैं कि सुरक्षित स्थान भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गए हैं। कई जगहों पर लगातार हमलों के कारण लोगों के सामने यह दुविधा है कि वे अपने घरों में रहें या पलायन का जोखिम उठाएं। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, यह संकट अब ईरान की सीमाओं से बाहर भी फैल चुका है। 19 मार्च तक अस्सी हजार से अधिक लोग देश छोड़ चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा लोग अफगानिस्तान पहुंचे हैं, जहां सत्तर हजार से अधिक लोगों ने शरण ली है। इसके अलावा पाकिस्तान, अजरबैजान, इराक और तुर्कमेनिस्तान में भी हजारों लोग पहुंचे हैं। यह पलायन इस बात का संकेत है कि लोगों को अब अपने देश में जीवन सुरक्षित नहीं लग रहा। डर, असुरक्षा और लगातार हो रहे हमलों ने आम नागरिकों को अपनी जान बचाने के लिए मजबूर कर दिया है।

वहीं सीमाओं पर हालात और भी ज्यादा कठिन होते जा रहे हैं। ईरान से भागकर अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमाओं तक पहुंचने वाले लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। राहत एजेंसियों के अनुसार, सीमाई चौकियों पर भारी भीड़, लंबी कतारें और सीमित संसाधनों के कारण लोगों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी है। इसके अलावा, सुरक्षा स्थिति भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर लगातार झड़पें और गोलाबारी हो रही है, जिससे शरण लेने आए लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही है। हाल के दिनों में सीमा क्षेत्रों में तोपखाने हमलों और सैन्य कार्रवाई की खबरें सामने आई हैं, जिनमें आम नागरिक भी घायल हुए हैं। साथ ही कई बार सीमाएं अचानक बंद कर दी जाती हैं या सीमित समय के लिए खोली जाती हैं, जिससे हजारों लोग बीच रास्ते में फंस जाते हैं। कुछ मामलों में लोगों को जबरन वापस लौटाया जा रहा है, जबकि कई परिवार बिछड़ जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जो लोग एक युद्ध से बचकर भाग रहे हैं, वे अक्सर दूसरे संघर्ष और असुरक्षा के माहौल में पहुंच जाते हैं, जिससे उनकी स्थिति और भी दयनीय हो जाती है।

ईरान से भाग रहे लोगों की कहानियां भी बेहद मार्मिक हैं। कई लोग अपने देश की सरकार से नाराज हैं और इस संघर्ष को बदलाव का मौका मान रहे हैं। कुछ लोगों ने विदेशी सैन्य हस्तक्षेप का समर्थन भी किया है, जो इस बात को दर्शाता है कि देश के भीतर असंतोष कितना गहरा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले 47 वर्षों का दर्द अब असहनीय हो चुका है। वहीं एक अन्य व्यक्ति, जो सात साल जेल में रहा, उसने कहा कि जो पीड़ा उन्होंने झेली है, उसे समझ पाना आसान नहीं है। हालांकि, लोग डर और उम्मीद दोनों के बीच जी रहे हैं। वह अपनी जान और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, लेकिन साथ ही यह भी चाहते हैं कि यह संघर्ष किसी बड़े बदलाव की ओर ले जाए।

वहीं ईरान में रहने वाले चालीस लाख से अधिक अफगान शरणार्थी इस संकट में सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इनमें से अधिकतर शहरों में रहते हैं, जो हमलों का मुख्य लक्ष्य बने हुए हैं। इनमें से कई लोगों की आजीविका खत्म हो चुकी है और उनके पास न तो सुरक्षित स्थान है और न ही देश छोड़ने की अनुमति है। बताया जा रहा है कि करीब पैंतीस हजार अफगान पहले ही वापस अपने देश लौट चुके हैं, जबकि दस लाख से अधिक लोगों पर जबरन वापसी का खतरा मंडरा रहा है। यह स्थिति और भी गंभीर है क्योंकि अफगानिस्तान खुद संकट से जूझ रहा है।

दूसरी ओर, ईरान के शहरों से आ रही तस्वीरें बेहद चिंताजनक हैं। कई इलाकों में घर, अस्पताल और स्कूल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। तेहरान के लगभग हर इलाके में इमारतों को नुकसान पहुंचा है। लोग अपने घरों की खिड़कियों पर टेप लगा रहे हैं ताकि कांच टूटने से होने वाली चोटों से बचा जा सके। इंटरनेट सेवाएं बाधित हैं और बैंकिंग व्यवस्था भी प्रभावित है, जिससे आम जीवन और कठिन हो गया है। लोग रातभर बम धमाकों की आवाज सुनते हुए डर के साये में जी रहे हैं।

उधर, मानवीय संगठनों का कहना है कि राहत कार्यों के लिए जरूरी धन की भारी कमी है। हर सप्ताह अरबों रुपये युद्ध पर खर्च हो रहे हैं, लेकिन प्रभावित लोगों के लिए भोजन, आश्रय और चिकित्सा सहायता के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। बताया जा रहा है कि ईरान में करीब अट्ठाइस लाख लोगों की मदद के लिए 80 मिलियन डॉलर की जरूरत है, जबकि अफगानिस्तान में 17.5 मिलियन लोगों के लिए 1.71 बिलियन डॉलर की आवश्यकता है। लेकिन अब तक इसका बहुत छोटा हिस्सा ही उपलब्ध हो पाया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह युद्ध जारी रहा तो यह एक और बड़े मानवीय संकट का रूप ले सकता है। लाखों लोग सीमाओं के पार जाने को मजबूर होंगे, जिससे पहले से दबाव झेल रहे देशों पर और बोझ बढ़ेगा। देखा जाये तो यह संघर्ष आम लोगों को ऐसी पीड़ा दे रहा है जिसके लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की जा रही है कि सभी पक्ष नागरिकों और बुनियादी ढांचे पर हमले रोकें और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ें।

बहरहाल, ईरान और अमेरिका के बीच यह युद्ध अब पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर मानवीय संकट बन चुका है। हजारों मौतें, लाखों विस्थापित लोग और बर्बाद होती जिंदगी इस बात का संकेत हैं कि अगर जल्द ही समाधान नहीं निकला तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

### वृष
चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है।

### मिथुन
अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

### कर्क
व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। भय रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### सिंह
व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें।

### कन्या
सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

### तुला
व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

### वृश्चिक
कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है।

### धनु
आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

### मकर
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा।

### कुंभ
सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

### मीन
प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं कद्दू के बीज

कद्दू के बीज का सेवन करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। कद्दू के बीज से लेकर सब्जी तक सभी का सेवन फायदेमंद होता है लेकिन क्या आपको पता है कि स्किन के लिए भी कद्दू के बीज काफी फायदेमंद होते हैं। यह आपको अंदर से खूबसूरत बनाने में मदद करता है। इसके बीज त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ-साथ त्वचा की मरम्मत करने में भी मदद करते हैं। इतना ही नहीं कद्दू के बीज में पाए जाने वाले एंजाइम, विटामिन और अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड होते हैं, जो डेड स्किन सेल्स को खत्म कर सकता है। इससे नए सेल्स बनने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। यह आपकी स्किन को स्मूदनिंग और ब्राइटनिंग बनाता है, जिससे त्वचा में निखार आता है। अगर आप भी अपनी स्किन में अंदर से निखार लाना चाहते हैं, तो कद्दू के बीज का इस्तेमाल जरूर करें। इससे आपको काफी लाभ मिलता है।



**झुर्रियां कम करे :** स्किन का अच्छे से ख्याल न रखने पर आपकी स्किन में जल्दी झुर्रियां और फाइन लाइन्स आने लगते हैं। त्वचा में कसाव लाने के लिए आप कद्दू के बीज का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंजाइम और अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड आपकी स्किन का ढीलापन दूर करने में मदद करते हैं। यह आपकी सेल्स को जल्दी टर्नओवर करने में मदद करता है। इससे आपका चेहरा इतना सुंदर और चमकदार दिखाई देता है।

**कैसे करें इस्तेमाल :** झुर्रियों से छुटकारा पाने के लिए आप कद्दू के बीज के फेसमास्क बना सकते हैं। इसके लिए आप कद्दू के बीज एक चम्मच, एक चम्मच हल्दी पाउडर और एक छोटा चम्मच शहद मिलाकर एक अच्छा मिश्रण तैयार कर लें। इस मिश्रण को अच्छे से अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 15 मिनट बाद इसे धो लें।

**मुहांसों को ठीक करना :** कद्दू के बीज न केवल आपकी त्वचा में निखार लाते हैं बल्कि कील-मुहांसों को भी दूर करने में मदद करता है। इसमें भरपूर मात्रा में जिंक पाया जाता है, जो सीबम प्रोडक्शन को कंट्रोल करता है। इससे आपके मुहांसे जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**कैसे करें इस्तेमाल:** इसके लिए आप कद्दू के बीच और गुलाब जल का पेस्ट मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। साथ ही इस पेस्ट को मुहांसे पर भी लगा सकते हैं, जिससे वह जल्दी ठीक हो सकते हैं। फिर इसे 10 मिनट बाद धो लें और त्वचा क्लीयर नजर आती है।

**त्वचा की रंगत में सुधार :** कद्दू के बीज में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें बीटा केरोटीन होता है, जो सूर्य की हानिकारक किरणों से डैमेज हुई स्किन को दूर करने और त्वचा की बनावट को सही करने में मदद करता है। इससे आपकी त्वचा टोन होती है और लचीलापन भी आता है। साथ ही इससे स्किन खूबसूरत नजर आती है।

**कैसे करें इस्तेमाल :** कद्दू के बीज को आप मॉइश्चराइजर की तरह भी आप इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप कद्दू के बीज पीसकर, नारियल तेल और दालचीनी मिलाकर एक पैक तैयार कर लें। फिर इस पैक का इस्तेमाल करें।

### दाग-धब्बे कम करे

चेहरे के ब्लैक स्पॉट्स आपके चेहरे की खूबसूरती को खराब कर सकते हैं। इसे छिपाने के लिए हम कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इससे आपको दाग-धब्बों से निजात नहीं मिलती है। लेकिन इसके लिए आप कद्दू के बीज का उपयोग काफी फायदेमंद होता है। इससे आप प्राकृतिक रूप से अपने मुहांसों के दाग-धब्बों को दूर कर सकते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल

डार्क स्पॉट्स ठीक करने के लिए आप एक चम्मच कद्दू के बीज, एक चम्मच शहद, एक चम्मच नींबू रस और विटामिन ई ऑयल मिलाकर एक अच्छा फेसपैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को चेहरे पर 15 मिनट के लिए सूखने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

### स्किन का पीएच स्तर बनाए रखे

कद्दू के बीजों को अल्काइन फार्मिंग में गिना जाता है, जो स्किन के पीएच स्तर को बनाए रखता है। इससे आपकी स्किन हाइड्रेट और सुंदर बनी रहती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

इसके लिए आप कद्दू के बीज को भिगोकर खा सकते हैं। इसके अलावा आप इसे पीसकर भी लगा सकते हैं।

# डायबिटीज रोगियों के लिए वरदान से कम नहीं है शहतूत, यह फायदे सुनते ही रोजाना खाएंगे

आजकल के लाइफस्टाइल की वजह से डायबिटीज रोग लोगों के बीच बेहद आम समस्या बनकर रह गया है। स्थिति यह है कि न सिर्फ अधिक उम्र के लोग बल्कि युवा और बच्चे भी आज डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं। यह एक ऐसा खतरनाक रोग है, जो शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देता है। अगर आप भी इस समस्या से पीड़ित हैं तो शहतूत को अपनी डाइट का हिससा बना लीजिए। शहतूत में डायबिटीज को कंट्रोल करने की क्षमता होती है। एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, शहतूत में डायबिटीज को कंट्रोल करने की क्षमता होती है। स्वाद में खट्टा-मीठा और रसीला यह फल डायबिटीज सहित कई बीमारियों के इलाज में मदद कर सकता है। सफेद शहतूत में फाइबर, विटामिन सी,आयरन सहित प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन ए जैसे तत्व भी भारी मात्रा में पाए जाते हैं।

**शहतूत कैसे कंट्रोल करता है डायबिटीज :** शहतूत की पत्तियों में डीएनजे नामक तत्व पाया जाता है, जो आंत में बनने वाले अल्फा ग्लूकोसाइडेज एनजाइम से मिलकर एक बॉन्ड बनाता है। यह बॉन्ड खून में शुगर की मात्रा को नियंत्रित करता है। इसके अलावा डीएनजे लिवर में बनने वाले अतिरिक्त ग्लूकोज को भी नियंत्रित करता है। इसकी पत्ती में एकरबोस नामक कम्पोनेंट भी पाया जाता है, जो खाना खाने के बाद की शुगर को नियंत्रित करता है।

**शुगर कंट्रोल करने के लिए कैसे करें शहतूत का इस्तेमाल**

- सब्जी बनाकर या सलाद में खाएं।



- अगर आप इसे सब्जी या सलाद में नहीं खा सकते हैं तो दिन में एक बार मुंह में रख लें और चबाएं।
- चाय के रूप में आप शहतूत की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं।

**मधुमेह ही नहीं अन्य रोगों में भी फायदेमंद है शहतूत-**

**मोटापा घटाए :** कई अध्ययनों से पता चला है कि शहतूत के पत्ते फैट बर्निंग और वेटलॉस के लिए एक प्राकृतिक उपचार है। एक अध्ययन के अनुसार, कई जानवरों में शहतूत की पत्तियों का अर्क पीने से उनका मोटापा और उससे जुड़े तमाम रोगों में कमी हुई।

**पाचन तंत्र :** शहतूत न सिर्फ हमारे डायजेशन सिस्टम को दुरुस्त रखता है, बल्कि इसमें डायबिटीज और कॉलेस्ट्रोल लेवल को बैलेंस करने की भी क्षमता होती है। इतना ही नहीं,शहतूत कैविटी और मसूड़ों से जुड़ी बीमारियों से भी राहत दिला सकता है।

### आयरन

शहतूत में मौजूद कार्बोहाइड्रेट खून में शुगर को ग्लूकोज में कन्वर्ट करने का काम करती है। इससे कोशिकाओं को ज्यादा एनेर्जी मिलती है। शहतूत से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ती है और टिशू को पर्याप्त ऑक्सीजन भी मिल पाता है।

### बालों का झड़ना

एक्सपर्ट कहते हैं कि शहतूत खाने से बाल झड़ने की समस्या भी दूर हो सकती है। ये फल कील, मुहांसे, ड्राय या सेंसिटिव स्किन के झंझट से भी मुक्ति दिला सकता है।

### घाव भरने के लिए

शहतूत के पत्तों को घाव या फोड़े पर लगाने से भी फायदा मिलता है। इसे घाव पर लगाने से घाव बहुत जल्दी भर जाते हैं।

# धूमधाम से निकली शोभायात्रा में गूंजा जय महावीर-जय महावीर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूरी दुनिया को जीओ और जीने दो का दिव्य संदेश देने वाले, विश्ववंदनीय भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव जयन्ती समारोह सोमवार को गुलाबी नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कॉलोनियों व शहर के जैन मंदिरों में प्रात: श्रीजी के अभिषेक, पूजा-अर्चना के बाद कई कालोनियों में प्रभात फेरियां निकाली गई, वहीं शाम को महाआरती, भजनों व पालना झूलाने के विशेष आयोजन किए गए । इस दौरान सुबह से ही शहर का चप्पा-चप्पा भगवान महावीर के जयकारों से गूंजता रहा। मुख्य आयोजन राजस्थान जैन सभा, जयपुर के तत्वावधान में वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ एवं व्याख्यान वाचस्पति आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में न्यूगेट के रामलीला मैदान पर हुआ। इस मौके पर ध्वजारोहण, दीप प्रज्ज्वलन, स्मारिका विमोचन, पहली बार 24 तीर्थंकरों के 24 पाण्डुक शिलाओं पर एक साथ कलशाभिषेक तथा 2625 चंवर एक साथ ढुलाने सहित धर्मसभा का भव्यता से आयोजन हुआ।

### शोभायात्रा में गूंजते रहे त्रिशला नंदन के जयकारे

शोभायात्रा में निकली एक दर्जन झांकियां और वीरा प्रभु के ये बोल आज महावीर जयंती है। जैसे भजनों की स्वर लहरियों पर झूमता-नाचता भक्तों का समूह। कुछ ऐसा ही आंखों का सुकून पहुंचाने वाला दृश्य महावीर जयंती के अवसर पर परकोटे में निकली शोभायात्रा के दौरान देखने को मिला। यह शोभायात्रा मनिहारों का रास्ता स्थित महावीर पार्क से प्रात: 7 बजे शुरू हुई। बैंडबाजों व ज्ञानवर्धक व संदेशात्मक झांकियों से सुशोभित यह शोभायात्रा चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट होती हुई रामलीला मैदान जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के मार्ग में राज नेताओ एवं जगह जगह व्यापारिक, सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा व आरती उतारकर स्वागत व सत्कार किया। शोभायात्रा में भगवान महावीर के जीवन चरित्र व सामयिक विषयों को लेकर निकली झांकियों जिनमें-भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव, अहिंसा से ही विश्व शांति, चोर बना भगवान महावीर जन्मोत्सव नारी शिक्षा व संस्कार वर्तमान का संकट वर्धमान ही समाधान भगवान महावीर पांच नाम एक संदेश, भगवान महावीर का बालपन, शिशु महावीर का पलना व पाण्डुक शिला पर अभिषेक, भगवान महावीर का जन्मोत्सव सहित अन्य विषयों पर आधारित झांकियों को लोग एकटक निहारते रहे। इस दौरान जिन.जिन मार्गों से यह शोभायात्रा गुजरी वे सभी मार्ग भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आए।

### 24 तीर्थंकरों के 24 स्वर्णिम आभा युक्त रथ हुए शामिल

शोभायात्रा में पहली बार 24 तीर्थंकरों के 24 स्वर्णिम आभा युक्त रथ शामिल हुए जिन पर सौधर्म इन्द्र, सारथी, कुबेर सहित अन्य इन्द्र बैठे। 23 रथों के बाद आखिर में 24 वें रथ में भगवान महावीर की प्रतिमा स्वर्ण जड़ित रथ पर विराजमान थी । राजस्थान जैन सभा के कमेटी सदस्य व मुल्तान जैन समाज की भजन मण्डली आखिरी रथ के आगे भक्ति करते हुए चल रही थी। जौहरी बाजार में आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ एवं आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ का मिलन हुआ। दोनो संघ की 41 पिच्छीका



शोभायात्रा में शामिल हुई। महावीर पार्क से शुरू हुई यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। घोड़े पर जैन ध्वज लेकर विजय सोगानी बैठे। शोभायात्रा में बैण्ड बाजे, हाथी, घोडे, ऊट, लवाजमा के साथ महिला मंडल की सदस्याए, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, भजन मण्डलियां, बडी संख्या में श्रद्धालुगण नाचते गाते भक्ति में झूमते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा का यह आलम था कि पहला छोर न्यू गेट था तब अंतिम छोर त्रिपोलिया बाजार में था। समाज की विभिन्न संस्थाओं एवं समाज बन्धुओं की ओर से पूरे मार्ग पर जैन धर्म का प्रतीक पचरंगा के 108 स्वागत द्वार लगाये गये थे। शोभायात्रा समिति एवं श्री वीर सेवक मण्डल जयपुर के कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा की व्यवस्था संभाली।

## पांच महिलाओं समेत छह तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जयपुर पूर्व जिला पुलिस ने एक दिवसीय विशेष अभियान में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच महिलाओं सहित छह ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से भारी मात्रा में स्मैक, गांजा और नगदी बरामद की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओम प्रकाश के निर्देश पर जिला विशेष टीम पूर्व डीएसटी और स्थानीय थानों की संयुक्त टीमों का गठन कर प्रताप नगर, जामडोली, मालपुरा गेट, खोह नागोरियान, गांधी नगर और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्रों में चिन्हित ठिकानों पर दबिश देकर बड़ौद सांसी 40 के पास से 3.16 ग्राम स्मैक व 3,130 रुपए, गीता सांसी 43 के पास से 620 ग्राम गांजा व 1, 700 रुपए, अंगुरी सांसी 65 के पास से 2.34 ग्राम स्मैक व 2,00 रुपए, शीला उर्फकाली सांसी 50 के पास से 3.22 ग्राम स्मैक व 900 रुपए, कोमल सांसी 19 के पास से 2.15 ग्राम स्मैक और चन्द्र सिंह चौहान 52 के पास से 88 ग्राम गांजा व 3, 500 रुपए जब्त किए गए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफपहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद पुन: मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हो जाते थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन के संबंध में पूछताछ कर रही है और आगे की जांच जारी है।

## पुलिस का एक्शन में एक दिन में 110 आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशानुसार स्पेशल पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओम प्रकाश के सुपरविजन में जयपुर पुलिस के चारों जिलों में एनडीपीएसए आबकारी एवं जूआ अधिनियम के तहत अपराधों के विरूद्व एक दिवसीय स्पेशल अभियान चला कर 110 अपराधियों की गिरफतारी की गई । पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि पुलिस का ध्येय आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो एवं उन्हें त्वरित न्याय मिल सके, इसके लिए जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत् है। उन्होंने बताया कि जयपुर पुलिस द्वारा आयुक्तालय के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थ, आबकारी एवं जूआ अधिनियम के तहत अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध मादक पदार्थो के विरूद्व जिला पूर्व में 16 एफआईआर दर्ज कर 34 गिरफ्तारीए पश्चिम में 12 एफआईआर दर्ज कर 18 गिरफ्तारी, उत्तर में 12 एफआईआर दर्ज कर 38 गिरफ्तारी, दक्षिण में 17 एफआईआर दर्ज कर 20 गिरफ्तारीए सीएसटी में 9 एफआईआर दर्ज कर 9 गिरफ्तारी की गयी। जिला पूर्व में आबकारी अधिनियम में 1 प्रकरण व जुआ अधिनियम में 1 प्रकरण दर्ज एवं सीएसटी में आबकारी अधिनियम में 1 प्रकरण दर्ज कर कब्जे से लगभग 9 पेटी अवैध शराब की बरामद की गयी। इस स्पेशल अभियान के तहत सक्रिय अपराधियों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया एवं उनके खिलाफ विधि एवं न्याय अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## परिवहन विभाग ने किए 62 वाहन जब्त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली रोड पर ओवरलोड और टैक्स चोरी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बड़ी स्ट्राइक की है । रविवार रात 9:30 बजे से सोमवार तड़के 5 बजे तक चले इस विशेष अभियान में विभाग ने 62 वाहनों को जब्त किया है । इस कार्रवाई से सरकार को 1 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व मिलने की उम्मीद है । इस कार्रवाई के दौरान हड़कंप मच गया । कई चालक वाहनों के टायरों की हवा निकालकर या जीपीएस लॉक करके फरार हो गए । हालांकि विभाग की तकनीकी टीम और मोटर मैकेनिकों की मदद से इन बाधाओं को दूर कर वाहनों को सफलतापूर्वक जब्त किया गया । परिवहन आयुक्त के निर्देशों पर यह अभियान 31 मार्च तक लगातार जारी रहेगा । प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर द्वितीय धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीमों ने कोटपूतली, बहरोड़ और नीमराणा क्षेत्रों में यह सघन जांच की । इससे पहले 28 मार्च को भी जोबनेर और कुचामन रोड क्षेत्र में 30 वाहन जब्त कर 20 लाख रुपये का राजस्व वसूला गया था ।

## नेत्र जांच शिविर आयोजित

निसं

जयपुर (नवयत्न)। नेशनल कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस प्रोग्राम के अंतर्गत जिला अंधता निवारण समिति एवं एसआरके ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के संयुक्त तत्वावधान में लालकोठी में 30 लोगो का मोतियाबिंद ऑपरेशन कर उनके लेंस प्रत्यारोपण किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अनुभूति शर्मा एवं डॉ नीलम मीणा के निर्देशन में हुए इन नि:शुल्क ऑपरेशन में मरीजों के लेंस प्रत्यारोपण के बाद उन्हें चश्मा देकर जरूरी एहतियात बरतने के टिप्स दिए गए। डॉ शर्मा ने बताया कि इससे पहले 60 लोगों ने नि:शुल्क नेत्र जांच का लाभ उठायाए एवं इनमें से चयनित 30 लोगो के लेंस प्रत्यारोपण किए गए। शर्मा ने बताया कि हर माह नि:शुल्क ऑपरेशन किए जाते हैं, जिसका समस्त खर्चा संस्थान एवं समिति की ओर से उठाया जाता है। मरीजों को घर से लाने से लेकर उन्हें ऑपरेशन के पश्चात घर तक छोडने की सुविधा दी जाती है। ऑपरेशन के लिए मरीजों का चयन आर्थिक आधार पर किया जाता है।

## स्कूटी पार्किंग को लेकर महिला सब इंस्पेक्टर और कांस्टेबल में हाथापाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मोती डूंगरी थाना इलाके में स्कूटी पार्किंग कि बात को लेकर महिला सब-इंस्पेक्टर और गणेश जी मंदिर के बाहर ड्यूटी कर रहे कांस्टेबल के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। दोनो पक्षों में मारपीट होती देख मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने बीच-बचाव कर दोनो को अलग-अलग किया। पुलिस महकमें में तैनात दोनो पुलिसकर्मियों की इस हरकत से पुलिस महकमे के आंतरिक अनुशासन पर सवाल खड़े कर दिए। बताया जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय में तैनात महिला सब-इंस्पेक्टर अपने बच्चों के साथ स्कूटी पर मंदिर दर्शन के लिए पहुंची । उन्होंने मंदिर के पास रास्ते में ही अपनी स्कूटी खड़ी कर दी। ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल हरवेन्द्र सिंह ने उन्हें बीच रास्ते में वाहन खड़ा न करने की हिदायत दी। महिला सब इंस्पेक्टर ने कहा कि वह सिर्फ10 मिनट में दर्शन करके लौट आएंगी। लेकिन कांस्टेबल ने नियमों का हवाला देते हुए स्कूटी हटाने पर जोर दिया। मामला धीरे-धीरे तीखा होता गया और दोनों के बीच कहासुनी शुरु हो गई।आरोप है कि महिला सब-इंस्पेक्टर ने पहले कांस्टेबल को धक्का दिया, जिसके बाद कांस्टेबल ने भी जवाबी कार्रवाई की और मामला मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट होती देख मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने बीच बचाव कर दोनो को अलग-अलग किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को थाने लेकर आई। पुलिस ने महिला सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर कांस्टेबल हरवेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वहीं कांस्टेबल हरवेंद्र ने भी महिला अधिकारी पर नियम तोड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाया। वहीं इस मामले में एडीसीपी ईस्ट आलोश सिंघल ने बताया कि महिला सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर मामला दर्ज कर इसकी जांच गांधी नगर एसीपी को सौपी गई है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ सम्पन्न



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के मानोता जाटान गांव स्थित हनुमान मंदिर में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ का समापन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। पुजारी राजेंद्र स्वामी के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

यह आयोजन रामगोपाल शर्मा और आशा शर्मा बख्तारपुरा के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिन्होंने मुख्य यजमान के रूप में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। अखंड रामायण पाठ का वाचन पंडित हेमंत शर्मा और सत्यनारायण गौतम द्वारा किया गया, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और जीवन मूल्यों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। श्रद्धालुओं ने भी पूरे मनोयोग से रामायण श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। समापन अवसर पर पंडित हेमंत शर्मा और सत्यनारायण गौतम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन सम्पन्न करवाया तथा श्रद्धालुओं से आहुतियां दिलवाई।

इस दौरान भगवान शिव का विशेष अभिषेक भी विधि.विधान से किया गया, जिसमें भक्तों ने जल, दूध एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन कर उन्हें प्रसाद एवं उपहार भेंट किए गए। पुजारी राजेंद्र स्वामी ने बताया कि हवन की पूर्णाहुति और महाआरती के पश्चात हनुमान जी को भोग अर्पित किया गया तथा तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर नितेश शर्मा, तन्मय शर्मा, मीनू शर्मा, मुकेश भारद्वाज, दक्ष भारद्वाज, जिनिशा भारद्वाज, अरविंद जांगिड़, हरपाल महला, अविनाश जांगिड़, रोताश ढाका, सभाचंद ढाका, दिनेश शर्मा, शंभूदयाल शर्मा, कौशल्या देवी, शारदा देवी, पार्वती देवी, भारती कुमारी और लक्ष्मी कुमारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। यह धार्मिक आयोजन गांव में आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ और श्रद्धालुओं में आस्था व उत्साह का संचार करता नजर आया।

## सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने में अरबन बैकों की महत्वपूर्ण भूमिका : दक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के संचालक मंडल द्वारा सहकारिता मंत्री गौतम दक का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री दक ने बैंक प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि सहकार की भावना के साथ कार्य करने से यह संस्था शहरी क्षेत्र में अग्रणी और प्रगतिशील भूमिका निभाएगी। उन्होंने सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने में अरबन बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष डॉ प्रदीप जोशी एवं संचालक मंडल के सदस्यों ने अतिथियों का साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया। डॉ जोशी ने कहा कि सहकारिता मंत्री तथा जिले के सभी जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन बैंक को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा,, खण्डेला विधायक सुभाष मील सहित कमल सिखवाल, पवन मोदी, गजानंद कुमावत, गोविंद राम सैनी, बैंक संचालक मंडल के सदस्य, सहकारी विभाग के अधिकारी और शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पटवारी होशियार सिंह निलंबित, विभागीय जांच शुरू

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने तहसील झुंझुनू के नयासर पटवार मंडल में कार्यरत पटवारी होशियार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई राजस्थान सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम, 1958 के तहत की गई है। आदेश के अनुसार, पटवारी होशियार सिंह के विरुद्ध नियम 16 सीसीए के तहत विभागीय जांच संस्थित की गई है। जांच लंबित रहने के दौरान उन्हें नियम 13(1) के प्रावधानों के अंतर्गत निलंबित किया गया है।


### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड सीकर

( दूरभाष संख्या 01572-294311 ई-मेल eephedskr@gmail.com )

क्रमांक एफ1 ( )/2025-26/9528 दिनांक 24/03/2026

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड सीकर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये पी.डब्ल्यू.एफ.एण्ड ए आर पार्ट-।। अपेंडिक्स 16 दिनांक 01-07-99 से लागू एवं समय-समय पर पंजीयन नियमों सम्बन्धी वित्त विभाग द्वारा जारी आदिनांक संशोधित परिपत्रों के अनुरूप योग्य व विभाग में पंजीकृत संवेदक जिनके पास निम्न कार्य का यथेष्ठ अनुभव है, उन्हीं संवेदकों से निम्नवर्णित कार्य की मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से नियत समय में निर्धारित निविदा शुल्क जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते है अथवा विभागीय वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in से भी Download किये जा सकते है। प्राप्त निविदाएं सामने अंकित दिनांक को अपराह्न 3:00 बजे तक प्राप्त कर 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

| निविदा संख्या | विवरण | निविदा की अनु लागत ( रू. लाख ) | धरोहर राशि ( रूपये ) | निविदा शुल्क ( रूपये ) | निविदा विक्रय की तिथि | निविदा वापिस प्राप्त करने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | UBN Code No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 104/25-26 | REPAIR WORK OF CITY SUB DIVISION I SIKAR OFFICE BUILDING UNDER PHED DIVISION SIKAR | 3.02 | 6040 | 500 | 8-04-26 | 9-04-26 | 15 दिवस | PHE2526W SRC15846 |

(राम कुमार चाहिल)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
खण्ड सीकर

DIPR/C/6178/2022


## एक दिन-एक ही समय 108 से अधिक स्थानों पर होगा गायत्री यज्ञ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय धर्म-संस्कृति में पूर्णिमा का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। गायत्री परिवार की ओर से 2 अप्रैल, गुरुवार को प्रातरू 7:30 बजे पूरे प्रदेश में एक साथ एक ही समय पूर्णिमा गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश की सभी शक्तिपीठों, प्रज्ञा केन्द्रों पर बड़े स्तर पर यज्ञ होगा। एक अनुमान के मुताबिक 108 से अधिक स्थानों पर यज्ञ होगा। लोग ऑनलाइन भी यज्ञ से जुड़ सकेंगे। इसमें देश-विदेश के श्रद्धालु घर बैठे ही भाग ले सकेंगे। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार के सामूहिक यज्ञ से वातावरण की शुद्धि, मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा का संचार तथा परिवार में सुख-समृद्धि की वृद्धि होती है। साथ ही यह पहल लोगों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोडने् का एक सशक्त प्रयास भी है। गायत्री परिवार जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि यह यज्ञ सामूहिक आध्यात्मिक उन्नति, सकारात्मक ऊर्जा के संचार तथा विश्व कल्याण की भावना को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जाएगा। डिजिटल माध्यम के जरिए आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को धर्म एवं संस्कारों से जोडना है। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे प्रातरू 7:15 बजे तक ऑनलाइन लॉगिन कर लें, ताकि यज्ञ से पूर्व की आवश्यक तैयारियां एवं विधि-विधान को समझ सकें। यज्ञ का शुभारंभ ठीक 7:30 बजे किया जाएगा।

### हवन सामग्री की पूर्व तैयारी अनिवार्य

यज्ञ में विधिपूर्वक भाग लेने के लिए आयोजकों ने हवन सामग्री की विस्तृत सूची पहले ही जारी कर दी है। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक सामग्री जैसे-घी, हवन सामग्री, समिधा, पुष्प, रोली, चावल, नारियल, दीपक, मिठाई, फल आदि-पूर्व में ही एकत्रित कर लें, ताकि यज्ञ के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए। साथ ही, घर पर ही हवन कुंड की व्यवस्था करने के लिए भी सरल विकल्प बताए गए हैं, जैसे परात में बालू-मिट्टी भरकर या ईंटों की सहायता से वेदी बनाकर हवन किया जा सकता है।

### घर पर ही करें पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ

आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं को निर्देश दिया है कि वे अपने घर में एक स्वच्छ स्थान पर चौकी स्थापित कर भगवान के चित्र रखकर, दीपक प्रज्ज्वलित कर तथा सभी पूजन सामग्री व्यवस्थित कर यज्ञ की तैयारी करें। कार्यक्रम के दौरान सभी विधियां ऑनलाइन माध्यम से बताई जाएंगी, जिससे सहभागी आसानी से यज्ञ कर सकें।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवाब अली पुत्र कादर जाति मुसलमान निवासी वार्ड नं. 44, नियर गौशाला झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू के आवासीय प्लॉट नं. 57 क्षेत्रफल 231.11 वर्ग गज वाके व खसरा न. 700 से 704 व 710, 712, 713, 714 व पुराने खसरा नं 235/15 235/16 व 236 कस्बा झुंझुनू तहसील जिला झुंझुनू में स्थित है, उक्त प्लॉट के पिछे का विक्रय पत्र जो सुधा देवी बिमला देवी के नाम दिनांक 24.01.1997 को पंजीबद्व करवाया था जिसके क्रमांक नं. 47 है। व उससे पिछे का विक्रय पत्र जो रघुवीर प्रसाद ने सीता देवी के पक्ष में दिनांक 11.03.1994 को करवाया था जिसके क्रमाकं नं. 149 है। उक्त विक्रय पत्र उप पंजियक झुंझुनू पंजीबद्ध किये गये थे। उक्त प्लॉट की उक्त पिछे की चैन की उक्त दोनों असल विक्रय पत्र कही गुम हो गई है। किसी के पास हो या किसी को मिला हो तो उक्त असल विक्रय पत्र मुझे या मेरे मुवकिल को लोटा देवें। उक्त प्लॉट पर नवाब अली पुत्र कादर जाति मुसलमान निवासी वार्ड नं. 44, नियर गौशाला झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू किसी वित्तिय संस्था से लोन ले या गिरवी रखे, तो उक्त प्लॉट पर लोन लेने या स्वामित्व संबंधी किसी को कोई आपत्ती/एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/उज्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट**
**मोबाईल न. 9413434882**



### प्रत्यर्थी का सम्मन

**न्यायालय- पारिवारीक न्यायालय, झुंझुनूं ( राज. )**
**याची श्रीमती सुमन कुमारी विरुद्ध शीशराम**
**याचिका संख्या-442/2024**
**याचिका बाबत:- विवाह विच्छेद याचिका**

प्रेषित शीशराम पुत्र स्व. रामजीलाल उम्र 42 वर्ष निवासी आंतरोली थाना बलारां तहसील लक्षणगढ़ जीला सीकर (राज.) मो. 8003783101

याचि सुमन ने आपके विरूद्ध याचिका बाबत न्यायालय में प्रस्तुत की है। अत: आप दिनांक 01/4/2026 को प्रात: 10:00 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर याचिका का जबाब प्रस्तुत करे। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन और ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है न्यायालय में प्रस्तुत करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो याचिका की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 27/3/26 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

आज्ञा से
**वरिष्ठ मुंसरिम**
पारिवारिक न्यायालय

# विक्रम गैस सर्विस पर डीएसओ ने मारा छापा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला रसद अधिकारी, सीकर विजेन्द्र पाल ने बताया कि खाद्य विभाग जयपुर एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा सीकर के निर्देशानुसार सोमवार को जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में प्रवर्तन स्टाफ द्वारा विक्रम गैस सर्विस, सीकर पर सघन जांच की गई। जांच दल में जयराम गुर्जर, प्रवर्तन अधिकारी सुनीता वर्मा, प्रवर्तन अधिकारीय सुरभि मीणा, प्रवर्तन निरीक्षकय एवं अनुराग बैरवाल, प्रवर्तन निरीक्षक शामिल थे। सम्पर्क पोर्टल एवं जिला रसद कार्यालय में लगातार उपभोक्ताओं द्वारा विक्रम गैस सर्विस के विरुद्ध गैस सिलेण्डर आपूर्ति में धांधली और कालाबाजारी की शिकायतें की जा रही थीं। उपभोक्ताओं को डोर-स्टेप डिलीवरी न करके गैस एजेंसी पर बुलाकर सिलेण्डर देने का प्रावधान किया जा रहा था। निरीक्षण और इंश्योरेंस के नाम पर उपभोक्ताओं को बेवजह परेशान किया जा रहा था। इस संबंध में उपस्थित उपभोक्ताओं के बयान लिए गए और जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई, जिसके लिए खाद्य विभाग एवं संबंधित ऑयल कंपनियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र भेजा जाएगा। समस्त गैस एजेंसियों की जांच लगातार जारी रहेगी ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। मुख्यमंत्री के निर्देशन में हुई बैठक में दिए गए निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर, सीकर ने विक्रय अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को ओटीपी आधारित ही सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सभी गैस एजेंसियों को पाबंद किया जाएगा। किसी भी एजेंसी द्वारा बिना ओटीपी और बुकिंग के अनुरूप आपूर्ति न करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंप धारकों को अपने कारोबार परिसर एवं गोदाम में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरा चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर द्वारा सभी उपखण्ड अधिकारियों एवं खाद्य विभाग के प्रवर्तन दलों को गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंपों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं उद्योगों को पाइपलाइन कनेक्शन आवेदन के बाद व्यावसायिक सिलेण्डरों की आपूर्ति दी जाएगी। पाइपलाइन गैस आपूर्ति के दुष्यन्त मनीए चीफ मैनेजर सीकर ने बताया कि पाइपलाइन गैस कनेक्शन आसानी से उपलब्ध है और एलपीजी गैस सिलेण्डर की तुलना में सस्ता है। पाइपलाइन कनेक्शन में कोई बुकिंग झंझट या बाधा नहीं है। पाइपलाइन युक्त गैस अब घरों के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, छात्रावास, स्कूल आदि को भी जारी की जा रही है। इच्छुक उपभोक्ता 8295903690 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला कलेक्टर द्वारा उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय जांच समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखेगी और गैस एजेंसियों की जांच करेगी। सभी अधिशाषी अधिकारियों, नगरपालिका एवं नगर परिषद, सीकर को नगरीय क्षेत्र के मुख्य स्थानों पर घरेलू गैस सिलेण्डर बुकिंग एवं शिकायत के लिए कस्टमर केयर नंबर 181, 112 एवं विभागीय हेल्पलाइन नंबर 14435 होर्डिंग पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नंबर 01572-251008 हैं। जिला विक्रय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में भारत एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार व्यावसायिक सिलेण्डरों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। जिले में घरेलू एवं व्यावसायिक सिलेण्डरों की मांग और आपूर्ति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिले में घरेलू गैस सिलेण्डरों की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। आज तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुबह का प्रारंभिक स्टॉक लगभग 19,254 घरेलू गैस सिलेण्डर था और लगभग 9,656 सिलेण्डर जिले में आवक हुई, जिसमें से लगभग 13,010 घरेलू सिलेण्डर वितरित किए गए। जिला सीकर में घरेलू गैस सिलेण्डरों की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे भयभीत न हों और अनावश्यक बुकिंग या घरेलू गैस सिलेण्डरों का संग्रहण नहीं करें।

## अग्निवीर के तौर पर शामिल होने के लिए पंजीकरण 10 अप्रैल तक बढाए

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अग्निवीर और रेगुलर कैडर के सैनिक के तौर पर भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण की सीमा 10 अप्रैल 2026 तक बढ़ा दी गई है। राजस्थान के रहने वाले जो युवा उम्मीदवार अभी तक आवेदन नहीं कर पाए है, उन्हें इस मौके का फायदा उठाने और भारतीय सेना में भर्ती के लिए जल्द से जल्द अपना पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और अग्निवीर तथा रेगुलर कैडर सैनिक के तौर पर गर्व के साथ देश की सेवा करने की दिशा में अपना पहला कदम बढ़ाए। जन संपर्क अधिकारी रक्षाद्ध जयपुर राजस्थानले कर्नल निखिल धवन के अनुसार इच्छुक उम्मीदवार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडसमैन 10वी पास, अग्निवीर ट्रेडसमैन 8वी पास श्रेणियों के साथ साथ जेसीओ/ओआर रैंक के लिए धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी, हवालदार शिक्षा, सिपाही फार्मा और सैनिक तकनीकी नर्सिंग असिस्टेंट/नर्सिंग असिस्टेंट वेटनरी के लिए भी आवेदन कर सकते है। महिला उम्मीदवार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी महिला सेना पुलिस के लिए आवेदन कर सकती है। भर्ती वर्ष 2027 के लिए पंजीकरण जेआईए ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर 10 अप्रैल 2026 तक की जा सकती है। विस्तृत सहायता और सवालो के लिए, उम्मीदवारों अपने सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क करें, जिनके संपर्क विवरण और पते भारतीय सेना के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## ई-मित्रों के औचक निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितता

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग एवं नगर पालिका बगड़ द्वारा ई-मित्र सेवाओं की गुणवता जॉच के लिय मार्च माह में प्रोगामर सुशील जांगीड एवं सहायक प्रोगामर लोकेश चन्द्र वर्मा द्वारा ईमित्रों का औचक निरीक्षण किया गया। विभाग द्वारा माह मार्च में कुल 10 कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें 04 कियोस्क पर अनियमितता पाई गई। इनमें से 02 कियोस्क ग्राम पंचायत भडुन्दा कलां व नगर पालिका बगड पर निर्धारित स्थान पर कार्यरत नहीं पाए जाने के कारण आनॅलाइन शास्ति आरोपित की गई तथा ग्राम पंचायत ईस्लामपुर में 01 कियोस्क पर विभागीय आदेशों की अवहेलना करने एवं ग्राम काली पहाड़ी में 01 कियोस्क पर रेट लिस्ट तथा कॉ-ब्राण्ड बैनर चस्पा नहीं पाए जाने पर शास्ति आरोपित किये जाने की कार्यवाही सम्पादित की गई। प्रोगामर सुशील जांगीड ने बताया कि ब्लॉक बगड़ में किसी भी ई-मित्र कियोस्क द्वारा ईमित्र सेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राशि से अधिक राशि की वसुली की जाती है तो ब्लॉक कार्यालय नगर पालिका बगड़ अथवा राजस्थान सम्पर्क हेल्प लाइन नं 181 पर तुरन्त इसकी सूचना देवें ।

## अप्रैल माह का जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में अप्रैल माह में आयोजित होने वाली त्रि स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके तहत 2 मार्च को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएगी। वहीं 9 को अटल जन सेवा शिविर ब्लाक स्तर पर आयोजित होगा, पिलानी एवं सिंघाना ब्लॉक के ये शिविर 10 अप्रैल कोआयोजित होगा। वहीं जिला स्तरीय जनसुनवाई 16 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग करेंगे।

## जिला स्तरीय कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा सम्पन्न

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के अंतर्गत नियुक्त कार्मिकों के लिए जिला स्तरीय कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा का आयोजन 30 मार्च को किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. अजय कुमार आर्य ने बताया कि 31 दिसंबर 2022 से पूर्व नियुक्त तथा अनुकम्पा नियुक्ति के तीन वर्ष की अवधि के भीतर कार्यरत ऐसे कार्मिक कनिष्ठ सहायक, जिन्होंने अभी तक कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उनके लिए यह परीक्षा आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर आधारित टंकण गति परीक्षा ग्रुपवार राजकीय पॉलोटेक्निक महाविद्यालय, आबूसर झुंझुनू की कम्प्यूटर लैब में आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 168 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे, जिनमें से परीक्षा में 152 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, 16 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 42 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए।

## जिला संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रमों को लेकर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने जिला संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त किए हैं। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि भाजपा स्थापना कार्यक्रम के संयोजक के पद पर जिला महामंत्री रामावतार रूंथला को नियुक्त किया है। वहीं सहसंयोजक के पद पर रामावतार बड़सरा, महेंद्र जोशी, सुभाष भारतीय व भंवरी खोखर को नियुक्त किया है।

## पारीक बने बीकानेर विभाग के सह विभाग प्रमुख

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सहकारिता क्षेत्र में सक्रिय संगठन सहकार भारती ने संगठन विस्तार के तहत मनोज पारीक को बीकानेर विभाग का सह विभाग प्रमुख नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राजस्थान प्रदेश संगठन प्रमुख प्रदीप चौबीस द्वारा की गई है। उनके कार्यक्षेत्र में बीकानेर विभाग के अंतर्गत चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं बीकानेर जिले शामिल रहेंगे। यह दायित्व उन्हें जयपुर में आयोजित सहकार भारती के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग के उपरांत सौंपा गया। नियुक्ति के बाद मनोज पारीक ने कहा कि वे शीघ्र ही सदस्यता अभियान चलाकर सहकारिता के मूल भाव को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही कोऑपरेटिव सेक्टर में कार्यरत समितियों को संगठन से जोड़कर उन्हें मजबूत बनाया जाएगा।

# भगवान महावीर ने संपूर्ण विश्व को अहिंसा की राह दिखाई : दक

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव को भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक थे। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से प्रातः महावीर स्वामी मंदिर से अहिंसा सर्किल तक प्रभात फेरी आयोजित की गई। इसके बाद दिगंबर जैन विद्यालय समिति की ओर से शहर में शाही लवाजमे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो बजाज रोड, अहिंसा सर्किल, स्टेशन रोड, जाट बाजार, पुरानी कोतवाली रोड होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में सजीव झांकियां, तीन बैंड और वर्धमान स्कूल का बैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। एक झांकी में वर्तमान वैश्विक संकट और इजरायल-अमेरिका व ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर भी प्रकाश डालते हुए विश्व शांति और मैत्री का संदेश दिया गया। अन्य झांकियों के माध्यम से भगवान महावीर के जियो और जीने दो और अहिंसा परमो धर्म के आदर्शों को आमजन तक पहुँचाया गया। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम दक ने इस अवसर पर कहा कि भगवान महावीर ने संपूर्ण विश्व को अहिंसा की राह दिखाई और आज जैन समाज भगवान महावीर के बताये गये धर्म की राह पर चलने के लिए हमेशा अग्रणी रहता है। भगवान महावीर ने प्रेम, दया और करूणा के जिस मार्ग का संदेश दिया उस पर चलते हुए सभी आदर्श एवं समरस समाज के निर्माण में अपना योगदान देवे। उन्होंने जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यालय कमेटी को धन्यवाद देते हुए उन्हें हर जरूरत पर सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर ने कहा कि जैन समाज प्रजातंत्र से पूर्व काल में भी हर तरह से सक्षम रहा है आज भी जैन समाज हर तरह से सक्षम है और हर क्षेत्र में सदेव आगे रहता है। शोभायात्रा के समापन के बाद दिगंबर जैन विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जैन समाज के विवेक पटौदी ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने बताया कि दिगंबर जैन विद्यालय समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा का विशाल आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण जैन समाज ने भागीदारी निभाई है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सीकर सुमेधानंद सरस्वती, धोद विधायक गोरधन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व विधायक सीकर रतन जलधारी, गजानंद कुमावत सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसहयोग से साकार हो रहा विकास, 40 फीट सड़क चौड़ाईकरण को मिला जनसमर्थन



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि नगर परिषद सीकर द्वारा शहर में सड़कों के चौड़ाईकरण को लेकर चलाए जा रहे अभियान को अब आमजन का व्यापक समर्थन मिलने लगा है। पुलिस लाइन रोड फाटक नंबर 2 पुरोहित जी की ढाणी से शिव मंदिर तक प्रस्तावित 40 फीट सड़क चौड़ाईकरण कार्य में वार्डवासियों ने आगे बढ़कर स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की सराहनीय पहल की है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर पूर्व में नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण का चिह्नांकन किया गया था। इसके पश्चात क्षेत्रवासियों ने प्रशासन के साथ सकारात्मक सहयोग दिखाते हुए अपने स्तर पर ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया, जो आज भी तेजी से जारी है। बड़ी संख्या में लोग स्वयं आगे आकर इस विकास कार्य में सहभागी बन रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से इस मार्ग पर जाम की समस्या बनी रहती थी, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। सड़क चौड़ीकरण के बाद यातायात व्यवस्था सुगम होगी और क्षेत्र को जाम से स्थायी राहत मिलेगी। नगर परिषद के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि शहर में सड़कों का चौड़ाईकरण जोनल, प्लान के अनुरूप, पारदर्शी एवं बिना किसी भेदभाव के किया जा रहा है। उन्होंने इसे जनसहयोग से साकार होता विकास बताते हुए कहा कि नागरिकों का यह सकारात्मक सहयोग शहर के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इसी प्रकार सहयोग बनाए रखें ताकि शहर को सुव्यवस्थित, स्वच्छ और यातायात सुगम बनाया जा सकें ।

## मधुमक्खियों के हमले में अधेड़ गंभीर घायल, झुंझुनू रैफर

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** गांव बामनवास के उदय सिंह हत्याकांड को लेकर चल रहे धरना स्थल के पास सोमवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। धरना स्थल से अपने घर लौट रहे एक 54 वर्षीय व्यक्ति पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भवानी सिंह 54 पुत्र मोहन सिंह धरना स्थल से पैदल अपने घर की ओर जा रहे था। रास्ते में अचानक मधुमक्खियों ने उस पर हमला बोल दिया। भवानी सिंह ने बचने का प्रयास किया लेकिन मधुमक्खियों ने बुरी तरह काट लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और वे वहीं गिर पड़े।

घटना की सूचना मिलते ही चिड़ावा अस्पताल से एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस पायलट बंटी नूनिया और नर्सिंग स्टाफ अंकित निर्मल ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। चिड़ावा राजकीय अस्पताल के डॉ. नरेंद्र तेतरवाल ने प्राथमिक उपचार शुरू



किया लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए झुंझुनू जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## आयशा को दीक्षांत समारोह में मिला गौरव

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में आयोजित दीक्षांत समारोह में एम.ए. उर्दू की टॉपर आयशा तंजीम को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयशा तंजीम ने वर्ष 2025 की परीक्षा में 81.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया था। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। समारोह के दौरान कुलपति व अन्य अतिथियों ने आयशा की मेहनत, लगन और उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आयशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य आगे शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाकर उर्दू विषय की अध्यापिका बनना है। इस अवसर पर परिजनों व परिचितों में खुशी का माहौल रहा और सभी ने आयशा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अवैध निर्माण और अतिक्रमण के आरोप में कार्रवाई सड़क निर्माण में आ रही थी बाधा, पुलिस बल रहा तैनात

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** जाखल गांव में सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फार्म हाउस की चारदीवारी पर बुलडोजर चला दिया। अवैध निर्माण और जमीन संबंधी अनियमितताओं के आरोप में की गई इस कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। सार्वजनिक निर्माण विभाग की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची और फार्म हाउस की चारदीवारी को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई और स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया। प्रशासन के अनुसार, फार्म हाउस की चारदीवारी सड़क निर्माण के मापदंड व अन्य नियमों के खिलाफ थी। संबंधित पक्ष को पहले नोटिस जारी किया गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यह कदम उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस अतिक्रमण के कारण लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य बाधित हो रहा था।

अतिक्रमण हटने के बाद अब यहां इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग, नवलगढ़ के सहायक अभियंता उदयवीर के अनुसार, विक्रमसिंह और अन्य के खिलाफमामला लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय ने चारदीवारी को अतिक्रमण मानते हुए उसे हटाने के आदेश दिए थे। आदेश के पालन में करीब 72 मीटर लंबी दीवार को ध्वस्त किया गया।



## शिक्षा का संदेश दे रहे विकास का किया सम्मान



**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** मुम्बई से 6900 किलोमीटर की साईकिल से निकले इंजीनियर विकास शिक्षा का संदेश दे रहे है। विकास खुद सिविल इंजीनियर है। विकास साईकिल से मुकुन्दगढ़ पहुंचने पर सर्राफा की हवले के पास विप्र मण्डल अध्यक्ष रामस्वरूप बियाला, घनष्याम शर्मा, विश्वभर बील, विनोद शर्मा, ओपी विर्ख, दयाशंकर पोरवाल, अरबिन्द बील, केशरदेव शर्मा, जुगलकिशोर सैनी ने माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इंजीनियर विकास ने बताया कि उनका एक ही लक्ष्य है कि पूरे भारत भर में शिक्षा के प्रति ज्यादा से ज्यादा युवांसाथियों को प्रेरित कर उनको शिक्षा के प्रति जोडना है। वे जिस भी शहर या ग्रामीण क्षेत्र से निकलते वहां के विद्यार्थियों से रूबरू होकर शिक्षा के बारे में प्रेरणा देते है।

## लक्ष्मी यज्ञ में श्रीसूक्त से प्रदान की गई आहुतिया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री नरवर आश्रम सेवा समिति की ओर से श्री खोले के हनुमान जी मंदिर में पंच दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को पं. देशराज के आचार्यतत्व में श्री लक्ष्मी यज्ञ हुआ। श्री सूक्त से आहुतियां प्रदान की गई। गाय के दूध से बनी खीर से विशेष आहुतियां प्रदान की गई। दस दिग्पाल, क्षेत्रपाल की पूजा-अर्चना कर उनके निमित्त बलिदान किया गया। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा, समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने यजमानों के साथ सभी के मनोरथ पूर्ण हो इस भाव से नारियल गिरी गोले से पूर्णाहुति की। शाम को पद्मश्री से सम्मानित विश्व प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्यागना गुलाबो सपेरा ने साथी कलाकारों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस मौके पर भजन संध्या भी हुई।



## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं, मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं तथा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की कुल 190 परिवेदनाएं लंबित हैं, जिनमें खंडेला 23, दांतारामगढ़ 20, नीमकाथाना 20, लक्ष्मणगढ़ 19, पलसाना 23, श्रीमाधोपुर 06, पिपराली 09, फतेहपुर 20, नेछवा 23, धोद 20, पाटन 11 तथा अजीतगढ़ में 04 प्रकरण लंबित हैं। इसके अतिरिक्त 10 दिवस से अधिक अवधि के 62 प्रकरण भी लंबित हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तत्काल करवाना सुनिश्चित किया जाए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 30 एवं 31 मार्च तक सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं का संतुष्टि स्तर बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग सीएमओ प्रकरणों में संबंधित विभाग तथ्यात्मक एवं संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पंच गौरव योजना से संबंधित कार्यों में खेल विभाग, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग सहित संबंधित विभाग 31 मार्च तक व्यय बिलों का भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के अंतर्गत पूर्ण कार्यों के उद्घाटन संबंधी सूचना भिजवाने के साथ ही पोर्टल पर अपलोड़ करने को कहा। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं में लाड़ो योजना एवं आरडीएसएस योजना में संबंधित विभागों को प्रगति बढ़ाने के साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को पालनहार योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा छात्रवृत्ति योजना के लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरएसआरडीसीए नगर परिषद को पिपराली रोड एवं नवलगढ़ रोड की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए ताकि आमजन को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग समन्वय स्थापित कर टीम भावना से कार्य करें।

एडीएम सिटी भावना शर्मा ने लाइट्स पोर्टल में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, अजमेर विद्युत वितरण निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग को जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जे.पी. गौड़, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, एलडीएम नंदलाल, आर्थिक एवं सांख्यिकी उप निदेशक डॉ. अनिल शर्मा, जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गुम हुए 94 मोबाइल बरामद कर लौटाए

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल फोनों के खिलाफविशेष अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए विभिन्न कंपनियों के 94 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने ये मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए। एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि काफी समय से अपने खोए हुए कीमती मोबाइल की उम्मीद छोड़ चुके लोगों के चेहरे उस वक्त खिल उठे, जब उन्हें पुलिस अधीक्षक कार्यालय से फोन कर बुलाया गया। एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि जिले के सभी अधिकारियों को सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद साइबर सेल और थानों की विशेष टीमों ने कड़ी मेहनत कर इन मोबाइलों को ट्रेस किया। मोबाइल वापस पाकर पीड़ितों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

इस सफल अभियान में एएसपी मुख्यालय रजनीश पूनियांए एएसपी दूदू शिवलाल बैरवा, एएसपी शाहपुरा रणवीर सिंह के सुपरविजन में साइबर सेल प्रभारी हीरालाल सैनी, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार और जिले के सभी वृत्त अधिकारियों व थाना अधिकारियों की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि यदि मोबाइल चोरी या गुम हो जाए, तो घबराने की बजाय तुरंत नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाएं। साथ ही सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

## चौपाल पर हुआ रुचि का सम्मान



निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** क्षेत्र के गांव झेरली की बेटी रुचि शर्मा के सीए बनने पर गांव की ओर से सम्मान सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मूल सिंह शेखावत के नेतृत्व में मुरलीधर शर्मा, मूलचन्द शर्मा, अनिल शर्मा एवं नरेन्द्र सिंह शेखावत सहित ने रुचि शर्मा का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में नन्दलाल शर्मा, राज शर्मा, रामप्रताप श्योराण, वरूण शर्मा एवं आयुष शर्मा सहित ने भाग लिया।

## प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मंडल श्रीमाधोपुर शहर 29 व 30 मार्च को जैन भवन श्रीमाधोपुर में किया गया। जिसमें वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा व केंद्र सरकार की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शहर कार्यकारिणी के सदस्य सभी बूथ अध्यक्ष, पार्षदगण, कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक विष्णु कुमार मिश्रा, शहर अध्यक्ष नटवर पारीक आदि उपस्थित रहे।



# उप अधीक्षक दिलीप सिंह ने अखिल भारतीय पुलिस टेनिस में जीता सिल्वर मेडल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस के खाते में खेल जगत की एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई है। पुलिस दूरसंचार जोधपुर रेंज में तैनात उप अधीक्षक पुलिस दिलीप सिंह ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित आरके खन्ना स्टेडियम में आयोजित 26वीं अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस प्रतियोगिता-2025-26 में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया है। यह प्रतियोगिता 24 से 28 मार्च 2026 तक भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल आईटीबीपी द्वारा आयोजित की गई थी। इस गौरवपूर्ण अवसर पर महानिदेशक पुलिस ने दिलीप सिंह को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय स्तर की टेनिस प्रतियोगिता में पहली बार पदक जीतकर सिंह ने राजस्थान पुलिस का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने इस जीत को पुलिस विभाग की खेल भावना और कड़े अनुशासन का प्रतिफल बताया। दिलीप सिंह ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के ओपन डबल्स इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता के इतिहास में राजस्थान पुलिस के किसी अधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया यह अब तक का प्रथम पदक है। इस उपलब्धि ने न केवल राजस्थान पुलिस के मान-सम्मान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां दी हैं। बल्कि विभाग के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। गौरतलब है कि दिलीप सिंह टेनिस कोर्ट पर लगातार अपनी जीत का परचम लहरा रहे हैं। इस राष्ट्रीय पदक से पूर्व वे राजस्थान राज्य सिविल सेवा के अंतर्गत आयोजित 10वीं 2024-25 एवं 11वीं 2025-26 सी.एस चैलेंजर कप टेनिस प्रतियोगिता में भी लगातार विजेता रहे हैं। उनकी इन निरंतर सफलताओं पर पुलिस मुख्यालय सहित पूरे विभाग में हर्ष का माहौल है।

## खेतड़ी ब्लॉक के 29 ई मित्र कियोस्क का किया निरीक्षण



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से सोमवार को ब्लॉक में संचालित ईमित्र कियोस्क का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पपुरना में एक ई-मित्र कियोस्क पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राशि से अधिक वसूली करते पाए जाने पर उसे सात दिन के लिए बंद कर दिया गया। प्रोग्रामर यादव राम कुम्हार ने बताया कि ई-गवर्नेन्स की बेहतर सुविधा देने के लिए ई-मित्र कियोस्कों पर पाई जाने वाली कमियों को दूर करनें के लिए माह मार्च में ब्लॉक में संचालित ई-मित्रो की साप्ताहिक जांच व अधिक वसूली की जांच हेतु टीम बनाकर कुल 29 कियोस्कों के औचक निरीक्षण किए गए। निरीक्षण में पपुरना के एक ई-मित्र कियोस्क पर निर्धारित राशि से अधिक वसूल करता पाया गया। इसके अलावा बबाई में एक ई-मित्र कियोस्क पर निर्धारित रेट लिस्ट चसपा नहीं पाए जाने पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं दो ई-मित्र कियोस्क निरीक्षण के दौरान बंद पाए गए, जिस पर उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। एसडीएम सुनील कुमार चौहान ने कहा कि ई-मित्र कियोस्क पर उपलब्ध सेवाओं का निर्धारण शुल्क ही लिया जाए तथा विभाग की गाइडलाइन के अनुसार सेवाएं उपलब्ध करवाना पहली प्राथमिकता है। राज्य सरकार की ओर से अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका आमजन ई.मित्र के जरिए लाभ उठा सकते है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि कोई ई-मित्र विभाग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य नहीं करता तथा निर्धारित शुल्क से अधिक रूपए लेता पाया गया तो उसके खिलाफप्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में प्रोग्रामर यादवराम कुम्हार, आई, सुबोध जोशी, सुनील मीणा, टिंकू राम सैनी, बनवारीलाल, लोकेश तुंदवाल आदि शामिल थे।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय का अजीतगढ़ एवं दिवराला मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर अजीतगढ़ की होटल नारायण पैलेस में सम्पन्न हुआ। शिविर में प्रवीण लाटा, गजानंद शर्मा और रामकिशन सैनी ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष मक्खनलाल स्वामी रहे। प्रवीण लाटा ने बूथ प्रबंधन और मन की बात पर विचार व्यक्त किए वहीं गजानंद शर्मा ने वैचारिक अधिष्ठान पर अपने विचार प्रकट किए। रामकिशन सैनी ने हमारी कार्यपद्धति पर विचार रखे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामगोपाल मंगावा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सामोता, मक्खनलाल शर्मा, कैलाश चंद्र शर्मा, जे पी जाट, गोपाल मीणा, बनवारीलाल चेजारा, मंडल महामंत्री ओमप्रकाश गुर्जर, मानगढ़ से बिशनसिंह शेखावत, सीए नितिन जोशी, विमल जोशी, पवन कुमावत, धर्मेंद्र जाट समेत पूरे मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन युवा मोर्चा के रोशनलाल सैनी ने प्रभावी ढंग से किया दूसरी तरफ टोडा-चीपलाटा भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि मंडल का प्रशिक्षण शिविर टटेरा गांव के शीतला माता मंदिर परिसर में शिविर केंद्र व राज्य सरकार की जन योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी पंचायतीराज चुनावों की तैयारी शुरू करने पर जोर दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री पूरण गुर्जर, अनुसूचित जनजाति भाजपा जिला अध्यक्ष पूरण मीणा, टोडा-चीपलाटा भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा, हरसहाय गुर्जर, दिनेश कुमार, महेंद्र मीणा, मंडल महामंत्री बृजमोहन गुर्जर, गिरधारीलाल, बजरंगलाल समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़-श्रीमाधोपुर मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित लिसाड़िया गांव के चमत्कारिक श्रीराम टेकड़ी धाम के श्रीराम मंदिर में 2 अप्रैल गुरुवार को पवनपुत्र एवं अंजनीपुत्र बजरंगबली, हनुमान महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आश्रम के बाल संत बालकदास महाराज के अनुसार गुरुदेव भगवान श्री श्री 1008 श्री महामण्डलेश्वर रामशरणदास महाराज की असीम अनुकम्पा एवं उनके शुभाशीर्वाद से हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। जन्मोत्सव के दिन मंदिर का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा, हनुमानजी महाराज का अभिषेक किया जाएगा, संगीतमय सुंदरकांड पाठ का अखंड ज्योत के साथ आयोजन होगा। श्रीरामचरितमानस पाठ होंगे, रामधुन चलेगी, भजन, कीर्तन-सत्संग कार्यक्रम होगा और प्रसादी वितरण कार्य होगा। इस दिन मंदिर परिसर में भक्तगणों, श्रद्धालुगणों, ग्रामीणजनों की उपस्थिति बड़ी भारी संख्या में रहेगी।



## चेतना केन्द्र पर अखंड ज्योति अनुयाज पर हुई कार्यशाला

निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** कस्बे स्थित गायत्रीचेतना केन्द्र पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में झुंझुनू जिले की जन्म शताब्दी अनुयाज कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री महामंत्र की सामूहिक साधना, दीप प्रज्वलन से हुआ। महिला मंडल की जिला संयोजक उमा शर्मा ने गुरु वंदना प्रस्तुत की। परिचय सत्र में सृजन सैनिकों ने साधना, स्वाध्याय, उसमयदान और अंशदान का उल्लेख करते हुए विभिन्न पक्षों की जानकारी दी। उपजोन समन्वयक बालदान चारण ने कार्यशाला के उद्देश्य तथा स्वरूप पर चर्चा की। द्वितीय सत्र में समूह में चर्चा कर तहसील स्तरीय अनुयाज समिति का गठन किया गया। जिला संयोजक देवेंद्र ने युग संगीत की प्रस्तुति दी। इस मौके जिला स्तरीय शताब्दी अनुयाज विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। संचालन कैलाशचंद्र शर्मा ने किया। आयोजन में मुख्य ट्रस्टी गोविंदराम सोनी जिला संयोजक देवेंद्र सिंह, गिरधारी लाल शर्मा, हरिराम वर्मा, मुरारी लाल सोनी झुन्झुनू, डॉ. विधान टीग्गावल, रमेश तुलस्यान, दीनदयाल, किशन शर्मा मण्ड्रेला, रामजीलाल फोगाट, भरता राम, दिनेश भार्गव, सुरेश कटारिया, सुभाष सैनी खेतड़ी, महावीर प्रसाद सैनी, रोहिताश सैनी, भोमाराम सैनी, के.पी. सिंह, राम प्रकाश, योगेश, जयसिंह, राजेश धारीवाल, हरिसिंह सैनी, सुरेन्द्र नरुका, महिपाल सिंह, हरीकिशन श्योराण, राजेन्द्र सोनी, अभिषेक सिंह, अशोक सोनी, जयपाल पिलानियां, जोगेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, राहुल, रघुनंदन भौमियां सहित ने भाग लिया।




## उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित



निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** सीरी संस्थान में एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में तकनीकी दक्षता, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना रखा गया। संस्थान निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रमों प्रशिक्षण दिया गया। 19 जनवरी से 24 फरवरी तक तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल विकास हेतु ईएसडीपी कार्यक्रम हुए। 16से 20 फरवरी तक घरेलू उपकरणों के लिए सर्किट एवं बोर्ड डिजाइन पर उच्च स्तरीय कार्यक्रम का संचान किया गया। इसी प्रकार 9 से 13 मार्च तक होम ऑटोमेशन के लिए आईओटी आधारित सिस्टम डिजाइन कार्यक्रम हुआ। इन कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को इलेक्ट्रॉनिक्स, पीसीबी डिजाइन, आईओटी एवं स्मार्ट होम तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रमों के दौरान देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा हार्डवेयर सुरक्षा, कम्युनिकेशन, आईओटी सुरक्षा, वैज्ञानिक नीतियाँ, नेटवर्किंग प्रोटोकॉल, आरएफसंचारए आईओटी आर्किटेक्चर एवं स्मार्ट सिस्टम डिजाइन जैसे महत्वपूर्ण एवं समकालीन विषयों पर व्याख्यानों का आयोजन भी किया गया।

## स्वामी कमलेश्वर भारती का हुआ अभिनंदन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजलांचल की हृदय स्थली सिद्ध पीठ पाबोलाव धाम के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के महामंत्री श्रीमहंत स्वामी कमलेश्वर भारती महाराज द्वारा 121 दिन की मां नर्मदा परिक्रमा पूरी करके वापस पाबोलाव आने अभिनंदन किया गया। किशोर दास स्वामी ने बताया कि स्वामी कमलेश्वर भारती ने 27 नवंबर 2025 को मां नर्मदा नदी की पैदल परिक्रमा यात्रा शुरू की, जो लगातार 121 दिनों तक 28 मार्च 2026 तक चली । लगभग 4 महीने की कठिन पैदल यात्रा में महाराज ने 3750 किलोमीटर दूरी की परिक्रमा निर्बाध रूप से संपन्न की। सुजलांचल के धर्म प्रेमियों को धर्म, आस्था, संस्कृति व संस्कारों से जोड़ने वाली सिद्ध पीठ पाबोलाव धाम के पीठाधीश्वर महंत भारती द्वारा धर्म क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य करने पर जगह-जगह स्वागत, अभिनंदन, सत्कार किया गया। जसवंतगढ़ में कसूम्बी पुलिया से डीजे के साथ जसवंतगढ़ नगर में अभिनंदन करते हुए सिद्ध पीठ पाबोलाव धाम तक महाराजश्री के सम्मान में स्वागत रैली निकाली गई ।

# दो यूनिफॉर्म के लिए 1-1 हजार रुपये की राशि की डीबीटी

## जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में 1 लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दो यूनिफार्म के लिए 1-1 हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए। इस दौरान शर्मा ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को भी चैक सौंपे। श्री शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्तानौनिहालों का पूरा ध्यान रखती हैं और वे इस भावी पीढ़ी की नींव को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्ष में आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण के लिए कई निर्णय लिए हैं। हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिड डे मील कुक कम हेल्पर सहित समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृत आहार योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को सप्ताह में 5 दिन गर्म दूध दिया जा रहा है तथाआंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण-मरम्मत का कार्य भी करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगनबाड़ी कार्यकर्ता और महिला पर्यवेक्षकों को स्मार्ट फोन दिए गए हैं। साथ ही, आगामी समय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आंखों की नि:शुल्क जांच एवं चश्मा भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान में दे अपने सुझाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि गांवों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से ही सशक्त.आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है। इसी को ध्येय मानते हुए राज्य सरकार द्वारा 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों के लिए स्थानीय आकांक्षाओं के अनुरूप विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी इस पहल में हिस्सा लेते हुए गांवों के विकास को लेकर सुझाव दे तथा अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही देश-प्रदेश का विकास संभव है। हमारी सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश में अब तक 16 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई गई है। साथ हीए इस वर्ष के बजट में लखपति दीदी योजना के तहत ऋण राशि को 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर के अनुदान के माध्यम से पशुपालन से जुड़ी महिलाओं को लाभ मिला है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मा वाउचर योजना सहित विभिन्न योजनाओं द्वारा महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता छोटे बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में बड़ी भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तीकरण को नए आयाम दिए है। लखपति दीदी, सोलर दीदी, बैंक सखी जैसी योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार महिलाओं की शिक्षा, कौशल, सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाढ़ी केंद्रों में वर्ष भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन किया। इस दौरान महिला बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास पूनम सहित विभिन्न अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में जुड़ी अंगड़बाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं

इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर डीओआईटी वीसी सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका को यूनिफॉर्म की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ. नरेंद्र शेखावत सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं जुड़ी रहीं। जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य स्तरीय समारोह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ा रहा।

# ड्रॉप आउट बच्चों को अधिकाधिक विद्यालयों से जोड़ें, स्कूलों में बढ़ाएं नामांकन : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में आवश्यक सेवाओं, विद्यालयों में प्रवेशोत्सव, ग्रीष्मकालीन कंटीन्जेंसी तैयारियों, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, एलजी आपूर्ति के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि शिक्षा अधिकारी समन्वित प्रयासों से स्कूलों में नामांकन बढ़ाएं। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि ड्रॉप आउट बच्चों को अधिकाधिक विद्यालयों से जोड़ा जाए। प्रवेशोत्सव को लेकर समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। सभी उपखंड अधिकारियों से एलपीजी आपूर्ति को लेकर फीडबैक लेते हुए उन्होंने सभी उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्र में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्थाओं के संबंध समीक्षा करें तथा पेट्रोलए डीजल आपूर्ति को लेकर भी मुस्तैद रहें। एलपीजी वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता न हो तथा समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने डीएसओ को संपर्क पोर्टल पर एलपीजी आपूर्ति के संबंध मैं प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण की बात कही। नहरबंदी व ग्रीष्मकालीन कंटीजेन्सी तैयारियों की चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि पीएचईडी के सभी अधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। गर्मियों के मौसम को देखते हुए समुचित पेयजल आपूर्ति हेतु वैकल्पिक तौर पर टैंकरों आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रहे। नाला सफाई व बरसात के दौरान पानी भराव स्थितियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी उपखंड अधिकारी से कहा कि अपने क्षेत्र में नगर निकायों में पानी भराव वाले क्षेत्रों तथा नाली व नाला सफाई का निरीक्षण करें।

नगर निकाय अधिकारियों के समन्वय से आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए अभी से ही सभी तैयारी सुनिश्चित करें। सभी नगर निकाय अधिकारी नालाक् नाली सफाई कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें और सीवरेज, ड्रेनेज लीकेज व अवरूद्ध हो तो तुरंत दुरूस्त करवाएं। बरसात के दौरान पानी भराव जैसी समस्याओं के निस्तारण के लिए अभी से ही मोटर, पंप सेट आदि के टेंडर आदि की कार्यवाही पूर्ण करें। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में असंतुष्टि वाले प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में भी तेजी लाएं। अधिकारी देखें कि संपर्क प्रकरणों का प्राथमिक स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर असंतुष्टि वाले प्रकरणों में वेरिफिकेशन पूर्ण करें तथा समुचित निस्तारण से परिवादियों को संतुष्ट करें। उन्होंने फसल कटाई प्रयोग तथा असमय बरसात से फसल खराबे के बारे में फीडबैक लिया और कहा कि राजस्व टीम व कृषि विभाग की टीम समुचित समन्वय से असेसमेंट करें। उन्होंने रतनगढ़ व चूरू एसडीएम को 05 व 06 अप्रैल को आयोजित होने वाली एसआई भर्ती परीक्षा के आयोजन को लेकर सभी केंद्रों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए विभागीय स्तर पर समुचित प्रयास किए जाएं। जिला कलक्टर ने बैठक में गुरु गोलवलकर आंकाक्षी ब्लॉक योजना के प्रभावी क्रियान्वन को लेकर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने पेंशन व पालनहार के वेरिफिकेशन पूरे करने, राजकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगवाने, पीएमश्री स्कूलों की विजिट कर व्यवस्थाएं देखने और पैरामीटरों पर प्रभावी कार्य करने, डीएमएफटी अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने, मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त भवनों के पूर्ण मरम्मत कार्यों के बिल भुगतान हेतु भिजवाने, पीएम कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत लक्ष्य पूरे करने, एसबीएम ग्रामीण व शहरी तथा एमजेएसए 2.0 में कार्य पूर्ण करने, ट्रांसमिशन लाइनों के प्रकरण निस्तारित करने, लघु सिंचाई गणना, बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन व क्रियान्विति, अटल ज्ञान केन्द्र, ओपन जिम, जेएसजेबी सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने एसआई भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन तथा बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन को लेकर चर्चा की। सीईओ श्वेता कोचर ने मुख्यमंत्री विकसित ग्रामध् वार्ड अभियान को लेकर चर्चा की। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने एलपीजी आपूर्ति को लेकर नए प्रावधानों के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

## रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन



निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबाराव फुले और भारत रत्न, बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर की जयंती वर्ष के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 8 अप्रैल बुधवार को किया जायेगा। शिविर प्रभारी अशोक वर्मा, जितेंद्र देवठिया ने बताया कि जयपुर झुंझुनू बाईपास पर स्थित सी.आर. मैना मैरिज गार्डन में होने वाले रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन राधाकिशनपुरा सरपंच रामलाल सैनी के मुख्य आथित्य में वरिष्ठजनों द्वारा अंबेडकर सर्किल सीकर पर किया गया। इस दौरान रामावतार बागड़ी, राकेश सैनी राजपाल जाखड़, सुरेश बागड़ी, राजेश जोया, डॉ. राजकुमार महरिया, सुरेश जी पुजारी, प्रोफेसर मंजू वर्मा, प्रोफेसर विवेक महरिया, डॉ. वीरेन्द्र वर्मा, हरिराम बुनकर, बालकृष्ण वर्मा, ताराचंद डालमास, सुरेश वर्मा, रमेश मलिंडा, छोटेलाल सर्वा, नन्दकिशोर दानोदिया, सतीश वर्मा, जीतेन्द्र नथावतपुरा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बीबाणी मुक्तिधाम में की पानी व्यवस्था



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बीबाणी विकास समिति द्वारा स्वर्गीय अंजना भार्गव एवं कुशान भार्गव की पुण्य स्मृति में डॉ एस के भार्गव के सौजन्य से बीबाणी मुक्तिधाम पर आने वाले लोगों को हाथ-मुंह धोने के लिए पानी का टैंक बनाकर पानी की नल वगैरह की समुचित व्यवस्थाएं की गई। विकास समिति ने मीटिंग में बीबाणी के उत्थान के लिए व बीबाणी को हरा भरा बनाने जैसे काफी मुद्दों पर चर्चा की गई और विकास समिति द्वारा आगे भी सेवा के कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में डॉ एस एन शुक्ला, कमल बालियान, रवि गुप्ता, श्याम सुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रमोद कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, राजकुमार सोनी, रवि पंसारी, सीताराम सैनी, सुनील सैनी, विकास शुक्ला, विकास राणासरिया, हरीश जोशी, डॉ एस के भार्गव, सौर्य, मिशु, झाबरमल पुजारी, भरत कुमार तुलस्यान, सूमेर सिंह कर्णावत, सुभाष जोशी, राजेंद्र प्रसाद जोशी, डॉ उमेदसिंह शेखावत, डॉ नरेंद्र सिंह नरूका, संजय शर्मा, प्रकाश पुरोहित, विकास राणासरिया, पंकज जालान सहित काफी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

# मुख्य सड़क की सीमा में खड़े टूटे पोल के ठूंठ से दुर्घटना का अंदेशा

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चनाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मानोता जाटान में आयुर्वेदिक औषधालय से ढाणी बाढ़ान को जाने वाली सड़क के किनारे टूटे पोल एवं पोल के निचले हिस्से का ठंठू पोल टूट जाने के बाद में भी सड़क सीमा में पड़ा है। इस विद्युत विभाग के टुटे पोल को लगभग हटाए तीन माह गुजर चुके हैं । उसके अवशेष तीन माह से ऊपर का हिस्सा सड़क मार्ग पर पड़ा है एवं निचला हिस्सा ठूंठ के रूप में जहां पूर्व में पोल विभाग ने गाड़ा था वहीं का वहीं ठूंठ रूप में विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण खड़ा है ग्रामीण प्रताप शर्मा का कहना है की मैंने सहायक अभियंता उपखंड चनाना को 11हजार केवी का पोल एवं विद्युत लाइन शिफ्ट करने का आवेदन किया था।

जिसका डिमांड नोट सहायक अभियंता उपखंड चानना ने 20 जून 2025 जारी किया था। उक्त डिमांड नोट की राशि 23 जुन 2025 मैंने निगम कार्यालय में उपस्थित होकर डिमांड नोट की राशि 28473 रुपए जमा कराए थे। विद्युत विभाग ने टूटे पोल को निर्धारित तकमीने के अनुसार कार्यवाही नहीं करके टूटे पोल को सड़क सीमा में गिरकर अवशेष वहीं सड़क पर छोड़ दिए एवं टूटे पोल के पास ही दूसरा पोल गाड़कर नियम के विरुद्ध कार्य कर इतीश्री करके विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी टुटे पोल का ठूंठ एवं पोल के अवशेष वहीं सड़क मार्ग पर छोड़कर चले गए थे। वे हाउसेस अब भी तीन मां बीत जाने के बावजूद भी सड़क सीमा में पड़े हैं जिसे आने जाने वाले वाहन और राहगीरों बाइक सवार से कभी भी दुर्घटना घट सकती है इस दुर्घटना का डर ग्रामीणों में रोज बना रहता है। ग्रामीणों ने इस टूटे पल के अवशेष को अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड चनाना के सहायक अभियंता उपखंड चनाना से टूटे पोल के अवशेष सड़क मार्ग से दूर हटाने की मांग की। राम अवतार, धर्मपाल, सुभाष, रोहतास विक्रम अक्षय भंवरलाल आदि ग्रामीणों मौके पर उपस्थित थे।

## हनुमान महाराज की लीलाओं का कराया श्रवण



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर के पटेल मार्ग के सामने न्यू सांगानेर रोड पर प्रजापति विहार स्थित श्री चिन्ताहरण काले हनुमान जी मंदिर में खोजीजीद्वाराचार्य स्वामी रामरिछपाल देवाचार्य जी महाराज, महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज के सान्निध्य में मनाए जा रहे सात दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव में सोमवार को मुख्य यजमान चंद्रप्रकाश भाड़ेवाला सहित अन्य यजमानों ने सप्नीक पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुतियां प्रदान की। मंदिर के प्रवक्ता प्रियाशरण महाराज ने बताया कि यज्ञ के आचार्य पं. अश्विनी चतुर्वेदी के निर्देशन में विद्वान यजमानों ने यज्ञ भगवान को वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दिलवाई। यज्ञ में 2 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रात: 8 से 12 बजे तक एकादश कुंडात्मक हनुमत् महायज्ञ में वेद मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान की जाएंगी। उधर, हनुमत् कथा में व्यास पीठ से वृंदावन के पं. केशवदेव महाराज भक्तमाली ने हनुमान जी महाराज की लीलाओं का श्रवण कराया। शाम को भजन संध्या में वीर बजरंग बली का गुणगान हुआ।

## सहकारी समितियों की हड़ताल से किसान परेशान

### ऋण जमा और वसूल करने में आ रही दिक्कत



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** तहसील की 24 सहकारी समितियों के 14 व्यवस्थापक अपनी नियमित नियुक्ति की मांग को लेकर पिछले एक महीने से हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इस हड़ताल का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है, जिससे कृषि कार्यों से जुड़ी वित्तीय व्यवस्था प्रभावित होने लगी हैं। हड़ताल के कारण किसानों से ऋण वसूली, नए ऋण वितरण और जमा राशि को बैंक तक पहुंचाने की प्रक्रिया बाधित हो गई है। ऐसे में किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्च एंडिंग के चलते अल्पकालीन फसली ऋण जमा कराने की आज अंतिम तिथि है। इसके चलते कोऑपरेटिव बैंक में किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लंबी कतारों और सीमित काउंटर के कारण किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। व्यवस्थापक इस दौरान बलदेव राम गेट, जयप्रकाश पारीक, जीतमल ठोलिया और टीकूराम एवं क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से फसली ऋण जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाने, इसके साथ ही बैंक में काउंटरों की संख्या बढ़ाने और नियमितीकरण की मांग की है। जिससे किसानों का कार्य सुचारू रूप से चल सके।

## फिरवासी में मेधावी विद्यार्थियों का घर-घर सम्मान



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फिरवासी ने कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम ने पूरे क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता का नया मानदंड स्थापित किया है। विद्यालय के कुल 35 विद्यार्थियों में से 24 ने प्रथम श्रेणी तथा 11 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। विशेष रूप से 2 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 8 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। इसके अलावा, 10 छात्राओं को गार्गी पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा 2 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रथम स्थान पर पूनम ने 92.17: अंक प्राप्त किए, जबकि सावित्री कुमारी ने 91.50 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। चंचल मीणा 87.00 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। सभी मेधावी विद्यार्थियों के घर जाकर उनका सम्मान किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

## सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हुआ आदर्श महाविद्यालय

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** आदर्श महाविद्यालय सरदारशहर में वार्षिक उत्सव एवं राजस्थान दिवस का संगम बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश वंदना एवं श्याम भजन से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके बाद विद्यार्थियों ने राजस्थानी, हरियाणवी और पंजाबी लोक संस्कृतियों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। विशेष रूप से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर आधारित नाटक ने सभी को भावुक कर दिया और समाज को मजबूत संदेश दिया। मुख्य अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश चाहर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के व्यावहारिक टिप्स दिए। उन्होंने मातृभाषा के महत्व पर जोर देते हुए राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का प्रेरक संबोधन रहा।

उन्होंने अनुशासन और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता का महत्व बताते हुए वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थियों को निदेशक द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मीनाक्षी, योगेंद्र स्वामी एवं व्याख्याता सपना वर्मा ने भी अपने विचार रखे। वहीं सुभाष चंद्र सोनी, राधेश्याम शर्मा एवं डॉ. पी.के. पांडिया ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनीषा वर्मा ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। निदेशक गिरीश लाटा ने वर्षभर में खेल, साहित्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य संयोजक मुकेश सुथार एवं लोकेश सैन की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन छात्र-छात्राओं मोनिका जाखड़, राजेश गंडास, सुनीता जाट एवं देवेश जेडीया ने किया। अंत में प्राध्यापक वेद प्रकाश बरोड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ।

## 551 कलशों की निकाली कलश यात्रा



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की शहर के निकट ग्राम जालेऊ में श्याम बाबा मंदिर से हनुमान जी जीण माता मंदिर तक 551कलशों की विशाल कलश यात्रा एवं गायत्री माता, राम दरबार की शोभा यात्रा निकाली गई। नव निर्मित हनुमान जी व जीण माता के मंदिर में हनुमान जयंती के दिन 2 अप्रैल को गायत्री परिवार द्वारा प्राण प्रतिष्ठा करवाई जायेगी। गायत्री परिवार के आशाराम सिमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा, नौ कुण्डीय गायत्री मंदिर महायज्ञ होगा। कलश यात्रा की आरती के बाद प्रान्तीय प्रचारक गोपाल स्वामी ने व्यास पीठ से पुंसवन, नामकरण, अन्न प्राशन, दीक्षा आदि संस्कारों की व्याख्या करते हुए महत्व समझाया। रामसिंह राठौड़ ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए यज्ञ व गायत्री पूजन का महत्व बताया। इस अवसर पर हेमलता शर्मा, कमल कंवर, ओमप्रकाश इन्दौरिया, महावीर प्रसाद सांखोलिया ने कलश पूजन करवाया।

## विश्वविख्यात संगीतकार रिकी केज की दमदार प्रस्तुतियों ने बांधा समां

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव स्कूल जैन विश्व भारती के तत्वावधान में आयोजित भव्य संगीत संध्या ने लाडनूं को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है। इस मेगा म्यूजिकल इवेंट में 5000 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने इसे और भी दमदार बना दिया। कार्यक्रम में विश्वविख्यात संगीतकार रिकी केज ने अपनी लाइव प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका संगीत प्रकृति, शांति और मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश लेकर आया। तीन बार ग्रैमी अवार्ड विजेता रिकी केज ने अपने संगीत सफर और अनुभवों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की शक्ति भी रखता है। उनकी मुख्य प्रस्तुतियों में रघुपति राघव राजाराम, अयगिरी नन्दिनी, केसरिया बालम पधारो म्हारो देस, जूगनी, दमादम मस्त कलन्दर रही। जिसमें श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। जैन विश्व भारती के संरक्षक अभय दुगड़ ने रिकी केज व टीम को आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक जड़ो से जोड़ते है। डॉ. विजयश्री शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, सामाजिक संस्थाओं और जिले की स्कूलों से भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सुन्दर उपस्थिति रही। संयोजक गौरव जैन मांडोत ने बधाई दी। प्राचार्य रचना बालानी ने स्वागत किया एवं रेडियो मिर्ची की आरण्जे राजुल सुराणा ने मंच संचालन किया।

## महावीर जन्म कल्याणक दिवस आज

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में आज प्रात: 8 बजे तेरापंथ भवन से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए नाहर परिवार भवन पहुँचेगी। इसके पश्चात मुनि जयकुमार ठाणा 3 के पावन सान्निध्य में नाहर भवन में प्रात: 9:15 बजे से 10:15 बजे तक प्रवचन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मीडिया से विशेष बातचीत में मुनि जयकुमार ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और त्याग के संदेशों पर प्रकाश डाला। साथ ही आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा स्थापित अणुव्रत आंदोलन की महत्ता को भी विस्तार से समझाया। इससे पूर्व सोमवार को प्रात: 7 बजे मुनि जयकुमार ठाणा 3 ने दस्सुसर से राजलदेसर की ओर विहार किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190